राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com



लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 अंक : 364 | लखनऊ | गुरुवार, 26 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया

### मुख्यमंत्री योगी ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

# यूपी के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा भारत-जापान औद्योगिक सहयोग

एजेंसी



लखनऊ/टोक्यो। उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा। भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंध जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां हैं और उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। जो राज्य कभी बीमारू कहा जाता था, वह आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश का करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है। इससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश के अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास भरपूर मीठा जल संसाधन है, जिसका उपयोग कृषि के साथ ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में किया जा सकता है। राज्य की 56 प्रतिशत आबादी युवा है, जिससे उद्योगों को पर्याप्त और कुशल मानव संसाधन मिलता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में प्रदेश में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। एक्सप्रेसवे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और ईस्टर्न-वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। एक्सप्रेसवे के किनारे 27 औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि मैं जापान के बिजनेस लीडर्स को आमंत्रित करता हूं कि वे यूपी में इन परियोजनाओं में भागीदारी करें। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को विशेष रूप से यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी के बारे में भी जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री योगी के जापान दौरे के पहले दिन लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

लखनऊ/जापान। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

जापान में जिन कंपनियों के साथ उप्र सरकार के एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

कुबोता कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है।

# ईडी का अनिल अंबानी पर एक्शन

## मुंबई का 3716 करोड़ रुपये का घर अटैच

एजेंसी

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के कथित बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई के पाली हिल स्थित आवास 'अबोड' को अटैच कर लिया है। अटैच की गई प्रापर्टी की कीमत 3,716.83 करोड़ रुपये है।

ईडी के अनुसार इससे पहले इस प्रॉपर्टी का 473.17 करोड़ रुपये का हिस्सा अटैच किया गया था। आज की गई नई कार्रवाई के साथ अनिल अंबानी की अब तक अटैच की गई प्रॉपर्टी की कुल कीमत 15,700 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है।




ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबाआई) की एफआईआर के आधार पर भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 120-ब, 406 और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1989 की धारा 13(2) के साथ 13(1)(ड) के तहत रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरसीओएम), अनिल अंबानी और दूसरों के खिलाफ जांच शुरू की थी। ईडी ने बताया कि आरसीओएम और उसकी ग्रुप कंपनियों ने लोन लिया था, जिसमें से कुल 40,185 करोड़ रुपये बकाया है। जांच में पता चला है कि दूसरी एसेट्स के अलावा, पाली हिल प्रॉपर्टी को ट्रस्ट में मिला दिया गया था, जो अनिल अंबानी के परिवार के सदस्यों का एक प्राइवेट फैमिली ट्रस्ट है। ईडी ने बताया कि ऐसा इसलिए किया गया, ताकि ऐसा लगे कि अनिल अंबानी इसमें शामिल नहीं हैं। फिलहाल मामले की छानबीन ईडी की टीम कर रही है।

## दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ करने की मांग, भाजपा सांसद ने लिखा अमित शाह और रेखा गुप्ता को पत्र

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। खंडेलवाल ने बुधवार को अपने पत्र में कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है और उसकी राष्ट्रीय राजधानी का नाम भी उसके गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। उन्होंने एक अन्य पत्र में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली विधानसभा में दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ करने के लिए एक प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया है।



खंडेलवाल ने कहा कि ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्य और दीर्घकालिक सभ्यतागत परंपराएं यह स्थापित करती हैं कि वर्तमान दिल्ली ही प्राचीन इंद्रप्रस्थ का स्थल है, जो पांडवों द्वारा स्थापित भव्य राजधानी थी, जैसा कि महाकाव्य महाभारत में वर्णित है। महाभारत में इंद्रप्रस्थ को यमुना नदी के तट पर बसा एक समृद्ध और भव्य नगर बताया गया है, जो आज की दिल्ली के भौगोलिक स्वरूप से पूरी तरह मेल खाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पुराना किला में की गई खुदाई में लगभग 1000 ईसा पूर्व के प्राचीन बसावट के प्रमाण मिले हैं, जिनमें पेंटेड ग्रे वेयर (पीजीडब्लू) संस्कृति के अवशेष भी शामिल हैं, जिन्हें महाभारत काल से जोड़ा जाता है। उनके अनुसार ये खोज इस ऐतिहासिक धारणा को मजबूत करती हैं कि प्राचीन इंद्रप्रस्थ इसी स्थान पर स्थित था जहां आज दिल्ली है। खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली नाम अपेक्षाकृत बाद के मध्यकालीन दौर में प्रचलन में आया, जिसे इतिहासकार ढिल्लिका या देहली जैसे नामों से जोड़ते हैं, लेकिन यह इसकी मूल और प्राचीन सभ्यतागत पहचान का प्रतिनिधित्व नहीं करता। इंद्रप्रस्थ राजधानी की मूल सभ्यतागत पहचान का प्रतीक है।

### कांग्रेस का व्यवहार लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपनी मूल पहचान खो चुकी है और राहुल गांधी के नेतृत्व में 'एब्यूसिव कांग्रेस पार्टी' बन गई है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लगातार अपमानजनक और धमकी भरे बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने पंजाब के कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह ढिल्लों के कथित बयान का उल्लेख कर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक और धमकीपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन और उसके बाद दिए गए बयानों ने कांग्रेस के आचरण को उजागर कर दिया है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी भी इसी तरह के धमकी भरे बयान दे चुके हैं। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का यह व्यवहार न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है बल्कि संवैधानिक पदों के प्रति भी असम्मान दर्शाता है।

### देश में 6जी और एआई आधारित दूरसंचार को बढ़ावा देने को टीईसी का आईआईटी खड़गपुर से समझौता

नई दिल्ली। देश में 6जी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरसंचार प्रणाली, रेडियो और एंटीना तकनीक, माइमो तकनीक, सैटेलाइट और गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) जैसे क्षेत्रों में भारत विशिष्ट मानक तैयार करने के लिए दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के साथ समझौता किया है। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि नई दूरसंचार तकनीकों पर संयुक्त अध्ययन, शोध और मानकीकरण गतिविधियों में सहयोग करने के लिए सोमवार को ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर के दौरान टीईसी के डीडीजी (एफए) कमल कुमार अग्रवाल और आईआईटी-खड़गपुर के प्रो. देबदीप मुखोपाध्याय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक प्रो. सुमन चक्रवर्ती, प्रो. गौतम दास, डॉ. देबरती सेन और टीईसी के डीडीजी (आरटीईसी) सौविक कुमार दास भी मौजूद रहे।

## तमिलनाडु के भाकपा नेता नल्लाकन्नू का 101 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

चेन्नई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तमिलनाडु में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के वरिष्ठ नेता आर. नल्लाकन्नू का बुधवार को यहां के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। वे 101 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्रजनित बीमारियों से जूझ रहे थे।

अस्पताल के बयान के अनुसार उन्हें एक फरवरी को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज के बावजूद उनकी सेहत में सुधार नहीं हो पाया और हालत लगातार गंभीर बनी रही। उन्होंने आज दोपहर 1:55 बजे अंतिम सांस ली।

'कॉमरेड आरएनके' के नाम से चर्चित नल्लाकन्नू ने करीब आठ दशक तक सक्रिय राजनीति में रहते हुए सादगी, ईमानदारी और निःस्वार्थ सेवा की मिसाल पेश की। उनका जन्म 26 दिसंबर 1925 को तूतीकोरिन (अब थूथुकुडी) जिले के ग्राम पेरुम्पाथु में हुआ था। बचपन में ही उन्होंने गरीबी और शोषण को करीब से देखा। साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने 1946 में जब देश अभी औपनिवेशिक शासन के अधीन था, भाकपा की सदस्यता ले ली। वर्ष 1948 में 'नेल्लई षड्यंत्र मामले' में उन्हें गिरफ्तार कर सात वर्ष की सजा दी गई। जेल के दौरान उन्हें अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ीं। एक घटना में पुलिसकर्मी ने सिगरेट से उनकी मूंछ जला दी थी, जिसके बाद उन्होंने जीवनभर मूंछ नहीं रखी।

नल्लाकन्नू ने किसानों और खेतिहर मजदूरों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया। उन्होंने शोषणकारी जमींदारों का विरोध किया, तमिलनाडु की नदियों में अवैध रेत खनन के खिलाफ अभियान चलाया और आम लोगों से जुड़े हर मुद्दे को उठाया। वे पर्यावरण संरक्षण के भी प्रबल समर्थक थे और कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट जैसी परियोजनाओं के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

भाकपा में 13 वर्षों तक राज्य सचिव रहने के बावजूद उन्होंने बेहद सादा जीवन जिया। उनके 80वें जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें एक कार और एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता भेंट की थी, जिसे उन्होंने मंच से ही लौटाते हुए कहा था कि यह धन जनता का है।

राज्य सरकार ने 2022 में उन्हें 'थगैसाल तमिझर' सम्मान से नवाजा और 15 लाख रुपये की राशि दी। उन्होंने यह राशि भी लौटाते हुए अपनी ओर से 5,000 रुपये जोड़कर मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिए। उन्हें 2008 में अंबेडकर पुरस्कार और 2023 में 'थगैसाल तमिझर' पुरस्कार सहित कई सम्मानों से सम्मानित किया गया।

# राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः राष्ट्रपति

### संत गजानन महाराज की पावन भूमि पर स्वास्थ्य और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन

एजेंसी

बुलढाणा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शिरगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संत गजानन महाराज की पावन भूमि पर स्वास्थ्य और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन करना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में “आरोग्यं परमं सुखम्” कहा गया है अर्थात अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी आयुष प्रणालियां केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग और ध्यान पर आधारित समग्र जीवनशैली ढांचा प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व यह समझ रहा है कि वास्तविक स्वास्थ्य शरीर और मन के संतुलन से ही संभव है।



महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आयुर्वेद को प्रकृति पर आधारित कालातीत वैज्ञानिक परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि प्रथम शोधकर्ता थे, जिन्होंने पंचमहाभूतों पर आधारित शरीर विज्ञान की गहरी समझ विकसित की। उन्होंने गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अनुसंधान को सुदृढ़ करने पर बल दिया।

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का “महाकुंभ” बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं बल्कि देश की समग्र स्वास्थ्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने आयुष पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत समग्र वेलनेस के क्षेत्र में “विश्व का मुकुट” बन सकता है। इससे रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा कि आरोग्य मेले जन-जागरूकता और प्रामाणिक आयुष पद्धतियों के प्रदर्शन का प्रभावी मंच हैं। मंत्रालय गुणवत्ता, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सकों को 'लाइफटाइम आयुर्वेदिक गौरव सम्मान' प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, वैद्य राकेश शर्मा, आशुतोष गुप्ता, मनीषा कोटकर, पीएम वैरियर और रामदास शामिल रहे।

मेले में निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण, विशेषज्ञ व्याख्यान और औषधीय पौधों की खेती से जुड़े किसानों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खड़से सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयुष विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# थाने की चौखट पर आग, लापरवाही पर गिरी गाज

### दारोगा समेत 7 पुलिसकर्मी निलंबित, 1 रिक्रूट का चयन रद्द

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बारादरी थाने के सामने युवक के खुद को आग के हवाले करने की घटना ने पुलिस महकमे की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा समेत 7 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं एक रिक्रूट सिपाही के खिलाफ चयन निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बारादरी थाने के गेट पर युवक के खुद को आग लगाने की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। मंगलवार रात फतेहगंज पश्चिमी निवासी अक्षय कुमार ने थाने के बाहर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। घटना के बाद मचे हंगामे, सवालों और वायरल हुए वीडियो के बीच अफसरों ने तत्काल जांच बैठाई। जांच में लापरवाही की परतें खुलीं तो एक-एक कर जिम्मेदारों पर गाज गिरती चली गई। जांच में पता चला कि युवक उसी दिन तीन बार थाने आया था। उस वक्त जनशिकायत हेल्प डेस्क पर तैनात उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा फरियादियों की सुनवाई के जिम्मेदार थे। आरोप है कि शिकायत का सही तरह से संज्ञान नहीं लिया गया और मामला उच्चाधिकारियों तक नहीं पहुंचाया गया। सीसीटीवी फुटेज और बयानों के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच अब एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा को सौंपी गई है।

**छुट्टी पर गए, फिर लौटे ही नहीं तीन सिपाही**

जिले में अनुशासनहीनता पर भी कड़ा रुख अपनाया गया है। तीन सिपाही अवकाश खत्म होने के बाद भी ड्यूटी पर वापस नहीं लौटे। कोतवाली में तैनात कृष्ण गोपाल नवंबर 2025 से गैरहाजिर चल रहे थे। सिंगल विंडो पर तैनात केशव कुमार जनवरी में छुट्टी पर गए और दोबारा ड्यूटी पर नहीं आए। प्रशांत कुमार भी आकस्मिक अवकाश के बाद गायब रहे। तीनों को निलंबित कर दिया गया है।

**वीआईपी ड्यूटी से गैरहाजिर, शराब के आरोप, रिक्रूट पर भी कार्रवाई**

तीन हेड कांस्टेबल पर भी बड़ी कार्रवाई हुई है। एक हेड कांस्टेबल राज्यपाल की फ्लीट ड्यूटी से नदारद मिला, दूसरा बंदी पेशी ड्यूटी पर अनुपस्थित रहा। तीसरे पर शराब पीकर ड्यूटी करने और साथियों से दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगे हैं। तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहा एक रिक्रूट सिपाही दो दिन की छुट्टी लेकर गया और फिर लौटे ही नहीं। जांच में सामने आया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा था। अब उसके चयन को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं**

एसएसपी अनुराग आर्य का संदेश साफ है कि फरियादी अगर थाने की चौखट पर भटके या ड्यूटी से कर्मचारी गैरहाजिर मिलें तो अब सीधी कार्रवाई होगी। बारादरी की घटना ने पूरे महकमे को चेतावनी दे दी है कि संवेदनहीनता और ढिलाई की कीमत चुकानी पड़ेगी।

# डीएम ने दो दिवसीय कृषक सेमीनार का किया शुभारम्भ

## कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने एवं आय में वृद्धि करने हेतु बताए उपाय

- **महिला स्वयं सहायता समूहों को वितरित किए बीज**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक सेमीनार/गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र टाण्डा बिजेसी, में किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की चरणों मे दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तदोपरान्त मृत्युंजय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी ने संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों यथा फल, पुष्प, शाकभाजी के अतिरिक्त मसाला के अन्तर्गत हल्दी, मिर्च, लहसुन की खेती से सम्बन्धित सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त पालीहाउस एवं नेट हाउस में हाई वैल्यूम कलर्ड शिमला मिर्च जरवेराध्कारनेशन पुष्प की खेती हेतु नवयुवक बेरोजगार शिक्षितों आदि के अर्थिक दृष्टिकोण से प्रमुख व्यवसाय के रूप में जानकारी दी गई। अन्त मे जिलाधिकारी ने संचालित महिला समूह को बीज वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को हदय से आभार व्यक्त करते हुए उनकी समृद्धि एवं सुख शान्ती की कामनाओं के कार्यक्रम सम्मपन्न किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, कृषि वैज्ञानिक डा0 एस0एस0 ढाका, पशु चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक, उप कृषि निदेशक, जिला विकास अधिकारी एवं कार्यालय के फूलकुमार, उद्यान निरीक्षक, रामेश्वर दयाल, सहायक उद्यान निरीक्षक, मारकण्डे सिंह, हरेन्द्र कुमार, छेदा लाल के अलावा अन्य स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




दो दिवसीय कृषक सेमीनार में मौजूद जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

# 7 जोड़ी कुंडल और 3 बाईकों के साथ शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** पुलिस की सतर्कता के चलते शातिर लुटेरों के गिरोह का पदार्फाश हो सका है। आरोपियों के पास से 7 जोड़ी कुंडल और 3 मोटर साइकिल भी पुलिस ने बरामद करी हैं।

थाना करेली पुलिस टीम द्वारा तीन शातिर लुटेरों को 7 लूटे हुये कुण्डल (पीलीधातु), 15200 रुपये नकद व लूट में उपयोग करी गई 3 मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तारा किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुकिर्ति माधव मिश्रा की ओर से आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया के निर्देश पर कर्यूम उफ झब्बू पुत्र अर्यूब खां निवासी, श्याम उर्फ श्यामू पुत्र सीताराम, रामू उर्फ रामचन्द्र पुत्र सीताराम को लूटी गयी सम्पत्ति सहित लदप्रा गांव की ओर जाने वाली सड़क पर भदेगकंजा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि यह आरोपी शातिर लुटेरे हैं जिनके ऊपर बरेली में भी कई मुकदमे पंजीकृत हैं।



लुटेरे गिरोह का पदार्फाश कर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पुलिस अधीक्षक सुकिर्ति माधव मिश्रा

## ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात की मौत

**पीलीभीत।** बुधवार सुबह स्टेशन परिसर पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति की शिनाख्त की जा रही हैं। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि दोराई एक्सप्रेस जो सुबह 9 बजे के करीब बरेली से टनकपुर को जा रही थी उसकी चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई है। व्यक्ति के पास से कोई ऐसा पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे व्यक्ति की पहचान हो सके। थाना प्रभारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान कर आगे की कार्यवाही करी जाएगी। इस हादसे के बाद स्टेशन परिसर पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। हादसे की वजह से ट्रेन भी देरी से चल सकी। अज्ञात के शव को पोस्टमार्टम के बाद मोर्चरी में रखा गया हैं।

## एक मंच पर 27 से 28 फरवरी को भारत-नेपाल की साझा विरासत को पेश करेंगे कलाकार

**पीलीभीत।** संस्कृति-पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के अंतर्गत 27 एवं 28 फरवरी को शाम 4 बजे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। यह आयोजन 16 से 28 फरवरी तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित महोत्सव श्रृंखला का महत्वपूर्ण भाग है, जिसका उद्देश्य भारत एवं नेपाल के मध्य सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करना है। लोक एवं पारंपारिक विधाओं की विविध लोक गायन, नुक्कड, चकरी नृत्य, भजन, थारू लोक नृत्य व नेपाली कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। देश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकार अपनी कला से भारत-नेपाल की साझा विरास्त को मंच पर जीवंत किया जायेगा। बमलहरी, लोक गायन, शास्त्रीय गायन, अवधी लोक नृत्य, कठपुतली, सात्विक बैण्ड, चकरी, सांस्कृतिक बैंड प्रस्तुति एवं नेपाली कलाकारों को विशेष प्रस्तुति प्रस्तुत की जायेगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दोनों देशों की सांस्कृतिक विविधता एवं आत्मीय संबधों का सुंदर समन्वय दशार्या जाएगा।

## तीसरे दिन भी जारी रही कब्जा मुक्त जमीन की पैमाइश

**पूरनपुर।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र के नवदिया बंकी गांव में वन भूमि की पैमाइश को लेकर अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। नवदिया बंकी बीट के फगुनिहाई में जंगल की भूमि पर कई किसानों ने वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा था। भूमि पर फसलें भी की जा रही थीं। विगत 17 फरवरी को पीलीभीत और शाहजहांपुर के अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर बुलडोजर से फसल की जुताई कराकर जंगल की भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। इसके बाद सीमाकंन किया गया। सोमवार से भूमि की पैमाइश करने की प्रक्रिया शुरू हुई। वुदवार को भी अधिकारियों ने पहुंच कर भूमि की पैमाइश की की। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा।

## अनियंत्रित होकर बाइक गोमती नदी में गिरी, पांच घायल

**पूरनपुर।** अनियंत्रित होकर बाइक गोमती नदी में घुस गई। इस हादसे में दंपती सहित पांच लोग घायल गए। गनीमत रही कि गोमती नदी में घटनास्थल के समीप नाममात्र का पानी था। सीएचसी लाए गए घायलों में पिता-पुत्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार शाम को मैगलगंज हाईवे पर हुआ। गांव मुजफ्फरनगर निवासी मनोज वर्मा (35) अपनी पत्नी रजनी (33), पुत्री चांदनी (7), पुत्र रंजीत (5), आदर्श (4) के साथ बाइक से घुंघचाई क्षेत्र में रिश्तेदारी में जा रहे थे। गांव घाटमपुर के समीप गोमती नदी के त्रिवेणी घाट पर अनियंत्रित होकर बाइक नदी में घुस गई। हादसे के बाद चीख-पुकार पर पहुंचे लोगों ने पांचों लोगों को नदी से बाहर निकाला। हादसे में दंपती और उनके तीनों बच्चों के चोटें आईं। सीएचसी लाए गए घायलों में मनोज और रंजीत को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर घायलो के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## माल-जेवर और नकदी लेकर महिला फरार, शिकायत

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि उसकी पत्नी बीते शनिवार की देर रात मौका पाकर घर से फरार हो गई। सुवह महिला को घर ना पाकर परिवार के होश उड गए। आरोप है कि महिला घर में रखे माल जेवर के अलावा हजारों रुपये की नकदी भी साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका है। परिवार के लोगों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। शीघ्र ही महिला को बरामद कर लिया जाएगा।

## पति ने कर ली दूसरी शादी, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** दूसरा विवाह करने के विरोध पर ससुरालियों ने विवाहिता और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजाखेडा निवासी पुष्पा देवी ने वताया कि उसकी शादी एक मई 2023 को लखीमपुर खीरी के थाना भीरा के गांव सुजान टांडा निवासी गोलू सिंह उर्फ लाल सिंह के साथ हुई थी। ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि इसके कारण साजिश कर अगस्त 2025 में रक्षा बंधन पर पति और ननद उसे मायके छोड़ गए। इसके बाद उसे न तो ससुराली देखने आए और न ही विदा कराने की बात कही। एक दिसंबर 2025 को उसके पिता ससुरालियों से बात करने गए। तब पता चला कि ससुरालियों ने उसके पति की दूसरी शादी भीरा थाना के एक गांव की युवती से कर दी। पिता ने इसका विरोध किया।

आरोप है कि तब ससुरालियों ने कार्रवाई करने पर उसके पिता को और उसे जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर उसके मामले को परिवार परामर्श केंद्र में समझौता वार्ता के लिए भेज दिया गया। परिवार परामर्श केंद्र में उसके ससुराली समझौता वार्ता को नहीं पहुंचे। इस पर उसके मामले को निरस्त कर दिया गया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति गोलू उर्फ लाल सिंह, जेठ रामपाल, दयाल सिंह, ससुर श्याम सिंह, ननद पिंकी सिंह, ननदोई सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# शौचालयों में लगा है ताला, ई रिक्शों की बदइंतजामी पर अभी मौन: शैली शर्मा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा विंग जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल एवं नगर पालिका इओ संजीव कुमार के साथ महत्वपूर्ण बैठक में व्यापारी समस्याओं की मुख्य बिंदुओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है। जिसमें कुछ मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे, त्योहार को मद्देनजर रखते हुए शहर में लगातार हो रहे जाम को लेकर ई रिक्शों का वन वे रूट शुरू किया जाए। कम उम्र के बच्चे लगातार टुक टुक चला रहे हैं जिससे, लगातार हादसे हो रहे हैं। मार्केट में जगह-जगह शौचालय तो है लेकिन पूर्ण रूप से बंद (ताला लगा हुआ) है जिसको लेकर व्यापारियों एवं जनता को लगातार समस्या का सामना करना पड़ता है। शहर में जगह-जगह चैराहों पर पुलिस पिकेट लगाई जाए। शैली शर्मा का कहना है कि यह सभी वह बुनियादी मुद्दे है, जिनके लिए शहर का व्यापारी और आम जनता इन समस्याओं से निजात चाहता है। युवा जिलाध्यक्ष का कहना है इन समस्याओं से व्यापारी वर्ग का रोजगार भी खतरे में है और ग्राहकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने में वालों में नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, युवा जिला महामंत्री ऋषभ सिंह, केतन बाहरी, हर्षित गंगवार, शिवम् प्रजापति, रजी अंसारी , ताबिश, रियाजुद्दीन शामिल रहे।



अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया को ज्ञापन देते व्यापारी

# तालाब किनारे थैले में मिली नवजात बच्ची, गांव में आक्रोश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** क्षेत्र में बुधवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। जिस आंगन में नन्हीं किलकारी गूंजनी चाहिए थी, वहां सन्नाटा पसरा रहा और एक नवजात मासूम को तालाब किनारे पड़े एक थैले में छोड़ दिया गया। सुबह टहलने निकले कुछ ग्रामीणों ने जब थैले से रोने की हल्की आवाज सुनी तो उनके कदम ठिठक गए। पास जाकर देखा तो कपड़े में लिपटी एक नवजात बालिका सिसक रही थी।

यह दृश्य देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। किसी ने तुरंत बच्ची को गोद में उठाया तो किसी ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे पूरी तरह स्वस्थ बताया।

घटना की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश और पीड़ा का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि आखिर उस मासूम का क्या कसूर, जो केवल बेटी बनकर इस दुनिया में आई? समाज में बेटियों को लेकर सोच कब बदलेगी, यह सवाल हर किसी के मन में उठ रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को भी सूचित कर दिया गया है, ताकि बच्ची के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। फिलहाल, वह मासूम सुरक्षित हाथों में है। प्रशासन उसके पालन-पोषण और देखभाल की व्यवस्था में जुटा है। यह घटना एक बार फिर समाज को आईना दिखाती है कि बेटियों को बचाने और सम्मान देने की बातें केवल नारों तक सीमित न रहें, बल्कि सोच और व्यवहार में भी बदलाव आए।

# बाघ होने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** हजारा क्षेत्र के गांव अशोक नगर के पास बाघ की चहलकदमी की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। गांव चंद्रनगर और आसपास शावक के साथ बाघिन की कई दिन से हो रही चहलकदमी पर टीम ने ड्रोन कैमरे से उसकी तलाश की, लेकिन लोकेशन भी नहीं मिल सकी। अब आसपास के प्रधानों से शावक और बाघ की चहलकदमी की जानकारी ली जाएगी।

हजारा थाना क्षेत्र के गांव चंद्रनगर के एक घर में बीते शनिवार रात को शावक के साथ बाघिन घुस गई थी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। वनकर्मियों ने ड्रोन उड़ाकर समीप स्थित गन्ने के खेत में शावक और बाघिन के शोर पर उसकी तलाश की। ड्रोन में शावक और बाघिन की तस्वीर कैद नहीं हुई। रविवार रात को गांव चंद्रनगर के समीप एक गन्ने के खेत से निकलकर शावक के साथ बाघिन को सड़क पार कर दूसरे खेत में जाते निगरानी में लगे वनकर्मियों ने देखा था। चहलकदमी से लोगों में दहशत वनी हुई है। जिससै लोग परेशान हो रहे है। डर के चलते लोग खेतो पर नही पहुंच रहे हैं। रेंजर ललित कुमार ने बताया कि बाघ के पंजों के निशान नहीं मिले। उन्होंने बताया कि गांव चंद्रनगर के समीप शावक के साथ बाघिन की चहलकदमी को लेकर मंगलवार को ड्रोन कैमरे से उसकी तलाश की गई। निगरानी में टीम लगी हुई है। उन्होंने बताया कि आसपास गांवों के प्रधानों से अब शावक और बाघिन की जानकारी ली जाएगी। शावक और बाघिन के ठिकाने की सटीक जानकारी मिलने पर उसे पकड़वाने की कोशिश की जाएगी।

# स्टेशन परिसर के बाहर बदइंतजामी हावी, बंद कमरों में बैठे हैं जिम्मेदार

- **ई रिक्शों की अव्यवस्था से राहगीरों का पैदल निकलना भी मुश्किल**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** शहर के स्टेशन परिसर के बाहर बदइंतजामी इस कदर हावी है कि आम राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। जाम पर आरपीएफ के जिम्मेदार भी सिर्फ मूकदर्शक बने हुए हैं।

ई रिक्शों का बेतरतीब संचालन आम जनता के लिए रोज मुसीबत बनता जा रहा है। भले ही पुलिस महकमा या फिर कोई भी अफसर इस पर कितनी ही सफाई पेश कर दे पर सच्चाई तस्वीरों में साफ है। जहां एक एक ओर अनगिनत लोग होली पर्व पर अपने घरों पर जल्द पहुंचने के लिए उत्साहित रहते हैं वहीं वदीर्धारियों की इस अनदेखी से लोग परेशान हो चुके हैं। यह तब और शर्मनाक हो जाता है जब स्टेशन परिसर के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से कट जाता है और जब उसके शव को लेने के लिए स्वर्ग वाहन भी इन अव्यवस्थाओं के चलते अपना रास्ता तलाशने को मजबूर हो जाता हो।



स्टेशन परिसर के बाहर लगा जाम

# नंदकिशोर बने अध्यक्ष, मनोज पांडे को मिली जिला मंत्री की जिम्मेदारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** लघु उद्योग रेडी पटरी संघ की नवीन इकाई का गठन किया गया। इस दौरान नंदकिशोर कश्यप को जिला अध्यक्ष व मनोज पांडे को जिला मंत्री लघु उद्योग रेडी पटरी कर्मचारी संघ के पद पर मनोनीत किया गया। बुधवार को भारतीय मजदूर संघ की बैठक में लघु उद्योग रेडी पटरी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में नंदकिशोर कश्यप व जिलामंत्री मनोज पांडे मनोनीत किए गए। दोनों पदाधिकारियों का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में साधुराम दिवाकर, जिला अध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप वर्मा, जिला मंत्री शेर सिंह चैहान, कोषाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ राजेंद्र कुमार शर्मा, संयुक्त मंत्री योगेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार, बालक राम वर्मा, जसवीर राजपूत, प्रमोद कुमार वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, गंगा प्रसाद वर्मा, बंटी लोधी राहुल राठौर, सुरेंद्र गंगवार, अंकित कुमार, सिद्धार्थ कुमार, बृजलाल राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष बने नन्द किशोर कश्यप ने कहा कि अगर किसी भी व्यापारी के साथ उत्पीड़न किया गया तो विरोध की आवाज मुखर होगी।



रेहड़ी पटरी और लघु उद्योग के नव नियुक्त पदाधिकारी

# होली का पर्व आया नजदीक दुकानों पर उमड़ रही भीड़

- **त्यौहार पर बिकने वाली सामिग्री की खरीद कर रहे ग्रहक**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** होली का त्यौहार नजदीक आते ही खरीददारी के लिए नगर में भारी भीड जुटने लगी है। दोपहर होते ही बाजार में रौनक बढ़ जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भीड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। होली त्यौहार को लेकर दुकानो पर रौनक देखी जा रही है।

होली के पर्व को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैयारियां शुरू कर दी गई है। होली नजदीक आते ही क्षेत्रों के ग्रहकों की भीड बढने लगी है। नगर के किराने,रेडीमेड कपड़ों,जूता चप्पलों,कपडा सिलाई की दुकानों पर ग्रहकों की अच्छी भीड देखी जा रही है। सुवह होते खरीददारी के लिए लोग व महिलाएं नगर में पहुंच जाती है। सबसे ज्यादा ग्राहक रेडीमेड गारमेंट्स और साड़ी शोरूम वाली दुकानों में दिखाई देते हैं। कारोबारियों को भी होली पर अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद जगी है। किराना मंडी में दुकानों के बाहर व्यापारियों ने विभिन्न तरह की मेवा सजा रखी है। लोग अपने बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। सड़कों के किनारे रंग-गुलाल और पिचकारी की अस्थाई दुकानें सजी हैं। रंग-गुलाल व पिचकारी की भी खरीद हो रही है। लेकिन गांवों से पूरे परिवार के साथ खरीदारी करने बाजार पहुंचने वाले लोगों के साथ मौजूद बच्चे जिद करके अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदना नहीं भूलते। दुकानदारों का कहना है कि होली की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ते रहेंगे।

# गाली देने से रोका तो होटल मालिक ने ग्राहकों पर फेंका खौलता तेल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात खाना लेने गए युवकों के साथ ऐसा व्यवहार हुआ, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी। रविंद्रम नगर गेट स्थित एक भोजनालय पर गाली-गलौज का विरोध करने पर होटल मालिक और उसके कारीगर ने तीन युवकों पर खौलता हुआ तेल फेंक दिया। घटना में तीनों गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गणेशनगर निवासी अस्मित तोमर के मुताबिक उनका भाई आदित्य तोमर अपने दोस्त करन ठाकुर के साथ मंगलवार रात रामकिशोर भोजनालय पर खाना लेने पहुंचा था। आरोप है कि खाना देने में देरी हो रही थी, इस पर आदित्य ने कारीगर से जल्दी करने को कहा। इसी बात पर होटल मालिक रामकिशोर भड़क गया और गालियां देने लगा। बताया गया कि गाली-गलौज की सूचना मिलते ही अस्मित तोमर भी मौके पर पहुंच गया। तीनों युवकों ने जब अपशब्दों का विरोध किया तो होटल मालिक और कारीगर ने कथित तौर पर तैश में आकर कढ़ाही से खौलता हुआ तेल उठाकर उन पर फेंक दिया। अचानक हुए हमले से तीनों युवक चीखते हुए जमीन पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में झुलसे युवकों को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि होटल मालिक ने घटना के बाद जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है।

इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर होटल मालिक रामकिशोर और उसके कारीगर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि मामूली विवाद में इस तरह का जानलेवा हमला बेहद चिंताजनक है। पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# योगी सरकार में मेडिकल कॉलेजों में खुले पोस्टमार्टम हॉल, बदलेगा पूरा सिस्टम

## सीएम योगी के निर्देश पर अब मेडिकल कॉलेजों में होगा शव परीक्षण, शिक्षा में आएगा रियल टच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब सरकारी ही नहीं, मेडिकल कॉलेजों और निजी मेडिकल कॉलेजों के शव-विच्छेदन गृहों में भी पोस्टमार्टम की प्रक्रिया होगी। शासन ने इसे चिकित्सा शिक्षा में क्वालिटी अपग्रेड की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। इससे मेडिकल के छात्र थ्योरी की क्लास सीधे पोस्टमार्टम की टेबल पर पहुंच सकेंगे। मेडिकल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक शिक्षा देने के लिए यह पहल शुरू की गई है। अब शिक्षक और रेजिडेंट डॉक्टर पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद रहेंगे। वे न सिर्फ प्रक्रिया देखेंगे, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षण की




बारीकियों को समझेंगे और सिखाएंगे भी।

### निजी कॉलेजों को सशर्त एंट्री

सरकार ने निजी मेडिकल कॉलेजों को भी सीमित दायरे में पोस्टमार्टम की अनुमति दी है। यहां केवल लावारिस शवों का ही पोस्टमार्टम किया जाएगा। संवेदनशील और आपराधिक मामलों में पूर्व की तरह सरकारी तंत्र ही जिम्मेदारी निभाएगा। नई व्यवस्था की मॉनिटरिंग संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) करेंगे। शासन ने मानक संचालन प्रक्रिया का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी।

### मेडिकल छात्रों को मिलेगा ग्राउंड रियलिटी का अनुभव

अब तक किताबों और सीमित डेमो तक सिमटी पढ़ाई को असली आधार मिलेगा। फॉरेंसिक मेडिसिन की पढ़ाई अधिक प्रभावी होगी और भविष्य के डॉक्टर पोस्टमार्टम की वैज्ञानिक प्रक्रिया में दक्ष बन सकेंगे। स्वास्थ्य व्यवस्था में यह पहल प्रशासनिक सख्ती और शैक्षणिक सुधार दोनों का सामंजस्य बनेगी। सीएमओ बरेली डा. विश्राम सिंह ने बताया कि शासनादेश का अनुपालन कराया जायेगा। मेडिकल कालेजों में कड़ी निगरानी में शव विच्छेदन प्रक्रिया पूर्ण कराई जायेगी।

# बरेली की बड़ी दुकानों पर छापे, 13 नमूने भरे, सरसों तेल और कचरी सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रंगों के त्योहार से पहले मिलावट का खेल खेलने वालों पर प्रशासन की कार्रवाई जारी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को भी शहर से कस्बों तक छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। छापेमारी के दौरान 13 खाद्य पदार्थों के नमूने भर लिए गए, जबकि करगैना में हजारों रुपये का सरसों तेल और रंगीन कचरी सीज कर दी गई।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले करगैना बाजार में दस्तक दी। चौधरी डेरी एंड कन्फैक्शनरी से पनीर और गुज्जर डेरी एंड स्वीट्स से खोया का नमूना लिया गया। इसके बाद साहू ट्रेडर्स पर टीम की नजरें टिकीं। यहां से रंगीन कचरी और सरसों तेल के नमूने भरे गए। जांच के दौरान 30 किलो रंगीन कचरी



(करीब 1350 रुपये) और 208.4 किलो सरसों तेल (करीब 27,092 रुपये) को मौके पर ही सीज कर दिया गया। कार्रवाई होते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। गंज त्रिपोलिया, आंवला स्थित श्री हरि स्वीट्स से छेना मिठाई और खोया बर्फी के नमूने लिए गए। पास की राज स्वीट्स से बेसन के लड्डू जांच के लिए उठाए गए। शहदाना के एन.डी. इंटरनेशनल से सरसों तेल और रिफाइंड पामोलीन ऑयल के नमूने भरे गए। रामपुर गार्डन स्थित आशुतोष इंटरप्राइजेज से सरसों तेल, ड्राई फ्रूट गुजिया और अमूल ब्रांड पनीर को जांच के दायरे में लिया गया। किला क्षेत्र में शिकायत मिलने पर टीम ने मीट की एक दुकान का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर सुधार नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई। आईजीआरएस पर मिली शिकायत के आधार पर सुभाषनगर स्थित अजन्ता स्वीट्स से आलू पैटीज का नमूना भी भर लिया गया। भरे गए सभी 13 नमूनों को खाद्य विश्लेषक को भेज दिया गया है। रिपोर्ट आते ही दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के स्पष्ट निर्देश हैं कि होली पर जनता की थाली में जहर नहीं पहुंचने दिया जाएगा। मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। होली से पहले हुई इस सख्ती ने साफ कर दिया है कि इस बार त्योहार पर मिलावट करने वालों की रंगाई तय है।

# बंद फैक्टरी से 12 लाख की मशीनें पार, चौकीदार समेत चार पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक बंद फैक्टरी को चोरों ने ऐसा निशाना बनाया कि लाखों की मशीनें तक गायब हो गईं। प्लॉट नंबर 59, इंडस्ट्रियल एरिया भोजीपुरा स्थित बरेली वुडेन क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड से मशीनें, उनके पार्ट्स और अन्य सामान चोरी कर लिया गया। फैक्टरी संचालक का दावा है कि 10 से 12 लाख रुपये का माल पार हुआ है। हैरानी की बात यह है कि शक की सुई सीधे फैक्टरी की रखवाली कर रहे चौकीदारों पर आकर टिक गई।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज निवासी अनिल गंगवार, जो कंपनी के निदेशक हैं, के मुताबिक फैक्टरी कोरोना काल से बंद थी। दो अगस्त 2025 को वह यूनिट को दोबारा चालू करने के इरादे से पहुंचे तो अंदर का मंजर देख सन्न रह गए। कीमती मशीनें और जरूरी उपकरण गायब थे। फैक्टरी के ताले-सुरक्षा में कोई जबरन तोड़फोड़ के निशान नहीं मिले, जिससे शक और गहरा गया।

फैक्टरी की रात की सुरक्षा में लगे बेचेलाल व सोमपाल और दिन में



तैनात अनुज यादव से जब पूछताछ हुई तो सभी ने चोरी से अनभिज्ञता जताई। जबकि फैक्टरी की चाबियां इन्हीं के पास रहती थीं। निदेशक को यहीं से शक होने लगा कि मामला अंदरूनी मिलीभगत का हो सकता है। पास की फैक्टरी में लगे कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो 25 मई 2025 का वीडियो सामने आया। उसमें दिन का चौकीदार अनुज यादव अपने भाई संजीव यादव, सामने वाली फैक्टरी के चौकीदार और एक ऑटो चालक के साथ मिलकर फैक्टरी से सामान बाहर ले जाता दिखा। फुटेज में मशीनों के पार्ट्स और भारी उपकरणों को व्यवस्थित तरीके से बाहर निकालते हुए देखा गया।

### सामने की फैक्टरी बनी ट्रांजिट पॉइंट

बताया गया कि पहले चोरी का माल सामने वाली फैक्टरी में रखा गया, फिर वहां से जुगाड़ गाड़ी (ट्रॉली) के जरिए अन्य स्थान पर भेज दिया गया। पूरी प्रक्रिया सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई, जिससे लंबे समय तक किसी को भनक न लगे। निदेशक अनिल गंगवार के अनुसार मशीनों और उपकरणों की कीमत 10 से 12 लाख रुपये के बीच है। उन्होंने 23 फरवरी 2026 को भोजीपुरा थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर चौकीदार अनुज यादव, उसके भाई संजीव यादव, अन्य सहयोगियों व अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

# युवक को आया हार्ट अटैक, जीआरपी सिपाही ने सीपीआर देकर लौटाई जिंदगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली जंक्शन पर ट्रेन से उतरे एक यात्री अचानक प्लेटफॉर्म पर धड़ाम से गिर पड़े। परिजनों की चीखें गूंज उठीं, आसपास खड़े लोग सहम गए। लेकिन इसी अफरातफरी के बीच एक वर्दी आगे आई और मौत से जूझ रहे यात्री को जिंदगी की डोर थमा दी।

बिहार के गया जिले के थाना गुरारू क्षेत्र के बहेड़ा गांव निवासी दिनेश मोनिया हावड़ा-दिल्ली अमृत भारत ट्रेन से बरेली पहुंचे थे। उन्हें यहां से मनौना धाम जाना था। जैसे ही उन्होंने प्लेटफॉर्म पर कदम रखा, अचानक सीने में तेज दर्द उठा और कुछ ही सेकंड में वह जमीन पर गिर पड़े। हालत देख परिजन घबराकर मदद की गुहार लगाने लगे। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जीआरपी सिपाही हरीओम मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना वक्त गंवाए यात्री की नब्ज और सांसों की जांच की। स्थिति गंभीर देख तुरंत सीपीआर देना शुरू कर दिया। प्लेटफॉर्म पर लोग सांसें थामे यह दृश्य देखते रहे। कुछ ही मिनटों की मशक्कत के बाद दिनेश की सांसों में हरकत महसूस हुई। चेहरा हल्का हिला तो परिजनों की आंखों में उम्मीद लौट आई।

इंस्पेक्टर जीआरपी एसके वर्मा ने बताया कि प्राथमिक राहत के बाद परिजन दिनेश को अस्पताल ले गए, जहां



उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने भी माना कि अगर समय रहते सीपीआर नहीं मिलता तो मामला जानलेवा साबित हो सकता था। घटना के बाद प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने सिपाही हरीओम की तत्परता और सूझबूझ की खुलकर तारीफ की। लोगों का कहना था कि उस वक्त वह सिर्फ एक सिपाही नहीं, बल्कि जिंदगी बचाने वाला फरिश्ता बनकर सामने आए।

# बरेली में शुरू हुआ हस्तकला मेला, एक ही छत के नीचे हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट क्षेत्र स्थित युगवीणा लाइब्रेरी परिसर में बुधवार से भारतीय हस्तकला उत्सव हैंडीक्राफ्ट्स प्रदर्शनी का रंग जम गया। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से 25 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक आयोजित यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री मेला शहरवासियों के लिए देशभर की पारंपरिक कारीगरी को करीब से देखने और खरीदने का सुनहरा अवसर लेकर आया है।

उद्घाटन समारोह में बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ कैंट बोर्ड सीईओ डॉ. तनु जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगर शामिल हुए। अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया और शिल्पकारों से सीधा संवाद कर उनके हुनर और उत्पाद विविधता की सराहना की। सभा को संबोधित करते हुए मेयर ने कहा कि यह




आयोजन न सिर्फ भारत की समृद्ध शिल्प विरासत का उत्सव है, बल्कि कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमों को सीधे बाजार से जोड़ने की सार्थक पहल भी है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे हस्तनिर्मित उत्पादों को अपनाकर कारीगरों का उत्साह बढ़ाएं और वोकल फॉर लोकल को मजबूत करें।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि यह उत्सव घरेलू बाजार को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। ऐसी प्रदर्शनियां हस्तनिर्मित उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाती हैं और देश की जीवंत शिल्प परंपरा पर गर्व की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उपाध्यक्ष सागर मेहता ने बताया कि बरेली में आयोजित यह आयोजन मजबूत रिटेल अवसर लेकर आया है, जहां खरीदार एक ही स्थान पर हैंडलूम और हस्तशिल्प की विस्तृत श्रृंखला देख सकते हैं। साथ ही कारीगरों को उत्पाद प्रस्तुति, पैकेजिंग और बाजार की मांग के अनुरूप तैयारी पर भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ताकि स्थायी घरेलू व्यापार को बढ़ावा मिले।

प्रदर्शनी में चित्रकूट के लकड़ी के खिलौने, जोधपुर का लेदर क्राफ्ट, संभल की हस्तनिर्मित ज्वेलरी, आगरा की पत्थर नक्काशी, हुबली की हाथ कढ़ाई, इंदौर की भील पिथोरा पेंटिंग समेत अनेक क्षेत्रीय शिल्प आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। निर्यात-गुणवत्ता वाले होम डेकोर, लाइफस्टाइल, फर्नीचर और फैशन ज्वेलरी उत्पादों की विविधता ने आगंतुकों को प्रभावित किया। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने बताया कि परिषद क्षेत्रीय शिल्पों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी मार्केटिंग प्लेटफॉर्म तैयार करने में निरंतर प्रयासरत है। उनके अनुसार वर्ष 2024-25 में भारत से हस्तशिल्पों का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (करीब 3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जो इस क्षेत्र की मजबूती को दर्शाता है।

यह आयोजन बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी2सी) प्रारूप में हो रहा है, जहां ऑन-द-स्पॉट बिक्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मेला प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से रात 8:00 बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि प्रदर्शनी न केवल कारीगरों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी, बल्कि बरेली के नागरिकों को भी देश की विविध सांस्कृतिक विरासत से रू-ब-रू कराएगी। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश में हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने वाली अग्रणी संस्था है, जो लाखों कारीगरों और शिल्पकारों को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# 700 से 14 हजार हुआ दुकान का किराया व्यापारियों ने नगर निगम में दिया धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम की नई कर निर्धारण सूची ने शहर के व्यापारियों का पारा चढ़ा दिया है। 700 रुपये से सीधे 14,000 रुपये तक दुकान का किराया बढ़ाने के विरोध में बुधवार को सैकड़ों व्यापारी नगर निगम कार्यालय पहुंच गए। पार्षद राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में नारेबाजी, धरना और तीखी बहस का दौर चला।

व्यापारियों का कहना है कि यह बढ़ोतरी किसी भी व्यावहारिक आधार पर नहीं है। छोटे दुकानदार, जिनका कारोबार पहले ही मंदी और बढ़ती लागत से जूझ रहा है, अब 20 गुना तक बढ़े किराये के बोझ तले दब जाएंगे। उनका आरोप है कि बिना पर्याप्त सुनवाई और सर्वे के मनमाने



ढंग से रेट तय कर दिए गए। व्यापारियों ने नगर निगम द्वारा गठित टैक्स कमेटी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि कमेटी से कई बार गुहार लगाने के बावजूद कोई राहत नहीं मिली। जब सुनवाई ही नहीं होनी थी तो कमेटी बनाने का क्या मतलब, यह सवाल प्रदर्शन के दौरान गूंजता रहा।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बढ़ा हुआ किराया वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और व्यापक किया जाएगा। बाजार बंदी, धरना और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ घेराव जैसे कदम उठाने की भी बात कही गई। फिलहाल नगर निगम प्रशासन का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन बढ़ते विरोध के बीच जल्द ही वार्ता की संभावना जताई जा रही है। शहर के प्रमुख बाजारों में इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज है और व्यापारिक संगठनों की अगली रणनीति पर सबकी नजरें टिकी हैं।

# फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव, चार पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के गांव मंडवा बंशीपुर में एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज के लिए की गई हत्या बताया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शाही थाना क्षेत्र के गांव धनेली की गौटिया निवासी मलखान के मुताबिक, उन्होंने करीब 10 महीने पहले बेटी सुनीता की शादी मंडवा बंशीपुर निवासी राजपाल से की थी। शादी में हैसियत के मुताबिक दान-दहेज दिया गया, लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे।

परिजनों का आरोप है कि सोमवार रात सुनीता से मायके से एक लाख रुपये और अन्य सामान लाने को कहा


मृतक सुनीता

गया। जब उसने असमर्थता जताई तो पति राजपाल, सास गंगादेवी, ससुर मंगलसेन और ननद प्रीती ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। आरोप है कि हत्या के बाद शव को फंदे से लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या लगे।

उन्हें घटना की जानकारी ससुराल पक्ष ने नहीं, एक रिश्तेदार के जरिए मिली, तो वह भागे-भागे बेटी की ससुराल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

# आईटीबीपी ने मनाया पूर्व सैनिक दिवस, वीरों को दिया गौरवपूर्ण सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** क्षेत्रीय मुख्यालय (बरेली) और तृतीय वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने बुधवार को संयुक्त रूप से पूर्व सैनिक दिवस मनाते हुए सेवानिवृत्त जवानों को सम्मानित किया। डीआईजी अवनीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता तृतीय वाहिनी के सेनानी पवन सिंह ने की। मंच से पूर्व सैनिकों के योगदान को याद करते हुए कहा गया कि ये केवल सेवानिवृत्त कार्मिक नहीं, बल्कि संगठन की नींव हैं। जिन कंधों पर देश की सीमाओं की सुरक्षा टिकी रही, उनका सम्मान करना बल का कर्तव्य है, औपचारिकता नहीं।

कार्यक्रम के दौरान कई पूर्व जवानों ने अपने सेवा काल की कठिन परिस्थितियों, सीमाई चुनौतियों और



कर्तव्यनिष्ठा के अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुभव वर्तमान पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। उनकी तपस्या ही आज की मजबूत कार्यसंस्कृति की आधारशिला है।

सेनानी पवन सिंह ने अपने संबोधन में सभी पूर्व सैनिकों और सेवानिवृत्त कार्मिकों के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बल अपने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि सेवा काल समाप्त होने के बाद भी उनका संबंध संगठन से कभी समाप्त नहीं होता। समारोह में सभी पूर्व सैनिकों को मंच पर आमंत्रित कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कई चेहरों पर गर्व की चमक थी, तो कई आंखों में वर्षों की सेवाओं की यादें छलक उठीं।

# लोनिवि के जेई से प्रधान ने की मारपीट, हंगामा

- **उत्तेजित कर्मचारियों ने प्रांगण में दिया धरना, कार्रवाई की मांग**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के जेई के संग प्रधान और प्रतिनिधि ने मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी, अमर्यादित भाषा में गाली गलौच कर सरकारी पत्रावलियों को फाड़ दी। घटना की सूचना आनन फानन में सिविल लाइंस पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों को पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया। कर्मचारियों ने पुलिस से कहा आरोपी की गिरफ्तारी की जाए। अन्यथा यह धरना जारी रहेगा।

डायमंड रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के निर्माण विभाग का कार्यालय है। यहां पर सरोज कुमार वर्मा जूनियर इंजीनियर है। बुधवार को मंडैयान कली प्रधान अजय कश्यप, प्रतिनिधि संदीप कुमार ने जेई से कार्यालय में घुसकर मारपीट की। कार्यालय में शोर शराबा की आवाज सुनकर कार्यालय में तैनात कर्मचारी मौके पर आ गए। जेई के साथ हुई घटना को लेकर प्रांतीय, निर्माण खंड के कर्मचारी निर्माण खंड के प्रांगण में धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साएं कर्मचारियों को समझा बुझाकर शांत कराया। कर्मचारियों का कहना है कि कार्यालय में खुलेआम जेई से मारपीट करने के मामले में जल्द ही गिरफ्तारी की जाए। घटना के बाद कर्मचारी अधिशासी अभियंता से मिलने गए तो वह कार्यालय में मौजूद नहीं थे।

इसके बाद तमाम कर्मचारी इकट्ठा होकर अधीक्षण अभियंता से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे मामले की जानकारी दी। लेकिन कर्मचारियों के प्रति एसई का रवैया हीलाहवाली का रहा।



डायमंड रोड स्थित कार्यालय में मौजूद खड़े गुस्साएं कर्मचारी।



पुलिस को मामले की जानकारी देते जेई।

### धरना देने वालों में यह रहे शामिल

योगेंद्र कुमार, खान शुऐब युनूस, लववीर चौहान, सुरेश चंद्र सिंह, अमित तेजान, उमामा रहमानी, मनोज कुमार, इंद्र सिंह, रविंद्र पाल संजय सिंह और मोहित चौहान आदि मौजूद रहे।

## युवक ने कुछ लोगों पर लगाया पत्नी का अपहरण करने का आरोप

- **एसपी को पत्र देकर पत्नी को बरामद करने की मांग**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** केमरी थाना क्षेत्र के गांव मदानगला निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कहा है कि लगभग 8 माह पहले मेरे पास अरमाना नाम की एक युवती का फोन आया था जोकि शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव बरा खास निवासी बताया था।

उससे कई कई बार बात हुई। फिर युवती ने प्रदीप से कहा कि मेरी शादी मेरे पिता द्वारा अधेड़ उम्र के व्यक्ति के साथ कराना चाहते हैं। युवती उसके बाद 23 जनवरी को युवक के पास दिल्ली पहुंची। प्रदीप से शादी करने की जिद करने लगी। तब युवक ने आर्य समाज मन्दिर में लेकर अरमाना के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कर लिया। दोनों पति-पत्नी के रूप में एक साथ रहने लगे। इसी दौरान 15 फरवरी को प्रदीप के पास किसी युवक का फोन आया कि हम तुम्हें मुख्यमंत्री से 5 लाख रुपये दिलायेंगे,तुम पत्नी को लेकर रामपुर आ जाओ। पीड़ित हिन्दू रक्षा दल के नेता की बात पर विश्वास करके रामपुर आ गया। धमोरा के पास स्थित एफसीआई गोदाम के पास आरोपी युवक व उसके साथी प्रदीप को मिले। उसके बाद आरोपी गाड़ी में बैठाकर बरेली की ओर ले जाने लगे। गाड़ी में बैठते ही आरोपियों ने दंपति से मारपीट करके रास्ते में फेंककर पीड़ित की पत्नी का अपहरण करके ले गए। इस दौरान पीड़ित की जेब में रखे 11 हजार रुपये व विवाह से सम्बन्धित व शैक्षिक प्रमाण पत्र सहित समस्त कागजात सहित ले गये। बाद में पीड़ित किसी तरह से थाना शहजादनगर पहुंचा। एक घटना की जानकारी दी लेकिन थाने वालों ने कोई कार्यवाही नही की। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में 9 फरवरी को वादी की तहरीर के आधार पर नगर के मोहल्ला मंगोली निवासी अनिकेश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना निरीक्षक जयप्रकाश सिंह के द्वारा की जा रही है। पुलिस द्वारा वादी की पुत्री को बरामद किया जा चुका है।

बुधवार को थाना पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी अनिकेश निवासी मोहल्ला मंगोली को शाहबाद कस्बे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

## अवैध प्लाटिंग पर चली प्रशासन की जेसीबी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार दिवेद्वी के निदेर्शानुसार राजस्व ग्राम टांडा खास, तहसील टांडा की गाटा संख्या 388 रकबा 0.1940 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या 404 रकबा 0.8830 हेक्टेयर में बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को नगर पालिका परिषद टांडा एवं राजस्व टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में विधिवत रूप से ध्वस्त कराया।

इसी क्रम में राजस्व ग्राम खजुआ खेड़ा, तहसील टांडा की गाटा संख्या 290 रकबा 0.7980 हेक्टेयर में अवैध रूप से विकसित की प्लाटिंग को भी राजस्व टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अनियोजित विकास पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा भूमि उपयोग संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के भूमि का विभाजन, विक्रय अथवा प्लाटिंग करना पूर्णतः अवैध है। इस प्रकार की गतिविधियाँ शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं नियोजन मानकों का गंभीर उल्लंघन हैं। अवैध प्लाटिंग से न केवल राजस्व हानि होती है, बल्कि भविष्य में नागरिक सुविधाओं, सड़क, जल निकासी, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सेवाओं की व्यवस्था में भी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

## सभासद ने नगर पंचायत कर्मी पर लगाया शिकायतों के फर्जी निस्तारण का आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद के वार्ड नंबर 16 के सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने मुख्यमंत्री से नगर पंचायत के कर्मी की शिकायत कर शिकायतों के फर्जी निस्तारण का आरोप लगाया है। सभासद शराफत हुसैन हस्सानी का आरोप है कि उनके वार्ड नंबर 16 वेदान में नालियां, सड़के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसको लेकर उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी, मगर नगर पंचायत में तैनात लिपिक नगर पंचायत में पैसे का अभाव बताते हुए शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर देते है। सभासद ने स्थाई अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की है।

## 268 किलो नष्ट कराया सरसों का तेल कराया सीज

- **खाद्य विभाग के सचल ने छापेमारी कर लिए पांच नमूने**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने पांच नमूने लिए। साथ ही 268 किलो सरसों का तेल जिसकी कीमत 46,900 को सीज कराया है।बुधवार को सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में मैन रोड पटवाई स्थित किसान ट्रेडर्स के आमिर मियां के यहां से सरसों का तेल 1 नमूना लिया। गुणवत्ता संदेह होने पर 268 किलो सरसों का तेल, शंकरपुर रोड जमील अख्तर, मोहम्मद नवेद ,जमील अख्तर से पिसी धनिया, रंगीन कचरी का एक नमूना लिया। इसके अलावा मुल्लाखेड़ा स्थित अरोडा.स्वीट हाउस के हरजीत सिंह से रंगीन रसगुल्ला, खोया का दो नमूना लिया। साथ ही मौके पर प्रतिष्ठान में गदंगी पायी जाने पर संबंधित नोटिस जारी किया गया। छापेमारी के दौरान रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकान्त, अजरा बी आदि मौजूद रहे।



छापेमारी के दौरान रसगुल्ला का नमूना दिखाते सहायक आयुक्त।

## शाहबाद थाना क्षेत्र में 116 जगहों पर होगा होलिका दहन

- **कोतवाल ने लिया जायजा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** थाना में कुल 116 जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली पर शांति बरकरार रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। दिनों शांति समिति की बैठक करने के बाद बुधवार को कोतवाल प्रदीप कुमार ने थाना में कई जगहों पर होलिका दहन स्थलों का जायजा लिया। इस दौरान लोगों की समस्याएं भी पूछी गई। पुलिस होली पर हुए पुराने विवादों की कुंडली भी खंगाल रही है। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में लोगों का सहयोग मांगा जा रहा है। बताते चले कि शाहबाद नगर क्षेत्र में 21 जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। जिसको लेकर कोतवाल प्रदीप कुमार ने जयतोली गांव समेत नगर के रामलीला मैदान, बजरंग चौक, नालापार, बरवालान चौक पर होलिका दहन स्थलों का जायजा लिया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि होली पर शांति बरकरार रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की गई है। होलिका दहन स्थलों का जायजा लेकर वहां मौजूद लोगों से समस्याएं भी पूछी गई है। जहां विवाद की स्थिति नजर आ रही है, वहां पाबंद करने की कार्रवाई की जा रही है। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की जा रही है।

## जेल की दीवार पर कराई गई कटीले तार की बैरिकेडिंग



फोटो 16 जिला कारागार की दीवार पर कटीले तार की बेरिकेडिंग करते कर्मचारी।

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिला कारागार की दीवार पर लोहे की तार से बैरिकेडिंग कराई। जेल की मुख्य दीवारों पर कटीले तारों की बैरिकेडिंग का कार्य कराया गया।अयोध्या की जिला कारागार से दो कैदियों के फरार होने की घटना होने के बाद मुख्यालय के निर्देश पर जेल की मुख्य दीवारों पर कटीले तारों की बैरिकेडिंग का कार्य शुरू कराया गया है। जेल प्रशासन द्वार मंगवाए गए कटीले तारों को चरणबद्ध तरीके से पूरी मुख्य परिधि दीवार पर लगाया जाएगा। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि यह कार्य अगले दो से चार दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। संवेदनशील माने गए स्थानों पर विशेष रूप से अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

## जनता दर्शन में संवेदनशील प्रशासन, मिला रोजगार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं मानवीय समाधान के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और तत्परता से कार्रवाई की।

जनता दर्शन के दौरान जौहर कॉलोनी, सिविल लाइन निवासी दिव्यांग फरियादी शब्बीर अहलाद जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने अवगत कराया कि स्वयं दिव्यांग होने के कारण उन्हें अब तक कोई स्थायी रोजगार प्राप्त नहीं हो सका। जिससे परिवार के भरण-पोषण में उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।फरियादी की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी से दूरभाष पर वार्ता की तथा फरियादी को शीघ्र आजीविका उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी द्वारा शब्बीर को नगर क्षेत्र में ही संविदा के आधार पर ट्यूबवेल पंप ऑपरेटर के पद पर नियुक्त किया।



जिससे न केवल उन्हें तत्काल रोजगार प्राप्त हुआ बल्कि उनके परिवार को भी आर्थिक संबल मिला।

## 31 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी विज्ञान की परीक्षा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई 10 वीं के छात्र-छात्राओं की परीक्षा दी। जिसमें 3774 के सापेक्ष 3743 ने परीक्षार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी। यानि परीक्षा से 31 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा दो सचल दलों की देखरेख में हुई। परीक्षा से पहले सभी परीक्षार्थियों की अच्छी तरह से तलाशी ली गई। सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि बुधवार को विज्ञान की परीक्षा हुई। परीक्षा में 3774 परीक्षार्थी पंजीकृत में से 3743 ने परीक्षा दी।

## 2827 परीक्षार्थी रहे यूपी बोर्ड की परीक्षा से गैरहाजिर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा में हुई। पहली पाली सुबह 8:30 से पूर्वान्ह 11:45 बजे, दूसरी पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक हुई। दोनों पालियों में 2827 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। पहली पाली में हाईस्कूल की संगीत की परीक्षा में 25468 के सापेक्ष 23699 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। यानि 1769 ने परीक्षार्थी अनुपस्थित, इसके अलावा नृत्य कला में 31 के सापेक्ष 30 ने परीक्षा दी। इसमें भी एक गैरहाजिर रहा। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के विषय रसायन विज्ञान, समाजशास्त्र में 17662 के सापेक्ष 16602 ने परीक्षा दी। इसमें 1057 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

## ईद मेले का ठेका 33 लाख व नखासा 3 लाख 55 हजार में छूटा

- **मेले में मनोरंजन के साधनों के साथ-साथ जरूरत के विभिन्न सामानों की दुकानें लगती**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**टांडा।** नगर पालिका के सभागार में बुधवार को ईद मेला और ठेका नखासा की नीलामी हुई।पालिकाध्यक्ष, नायब तहसीलदार और ईओ की मौजूदगी में हुई नीलामी में ईद मेले का ठेका 33 लाख रुपये में अशरफ पहलवान के नाम व ठेका नखासा 3 लाख 55 हजार रुपये में हाजी लियाकत अली के नाम छूटा। ईद मेला की अवधि पांच दिन रहेगी।

बुधवार को नगर पालिका के सभागार में अध्यक्ष साहिबा सरफराज,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित और इओ वंदना शर्मा की उपस्थिति में ईद मेला व नखासा ठेका की बोली लगी।नीलामी से पूर्व ईओ द्वारा ठेके की शर्तों एवं नियमों को पढ़कर सुनाया गया। ईद मेले की सरकारी बोली 15 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। पहली बोली नगर के सईद की 16 लाख रुपये आयी, दूसरी बोली आसिफ अली 17 लाख,जबकि तीसरी बोली अफसर अली की 18 लाख रुपये आयी।इसके बाद उवैस लालू ने 19 लाख,हाजी गुड्डू ने 19 लाख 50 हजार की बोली लगाई।इसके बाद अशरफ पहलवान ने 21 लाख की बोली लगाई।इस तरह सर्वाधिक बोली 33 लाख रुपये के आधार पर ईद मेले का ठेका नगर निवासी अशरफ पहलवान के नाम छूटा।ठेकेदार को ठेके की समस्त रकम तीन दिन के अंदर जमा करनी होगी।। समस्त ठेका मेला में कुल 13 ठेकेदारों अशरफ पहलवान, सईद, अफसर अली, कमाल, यूनुस गुड्डू,सुखदीप, उवैस लालू,एल्फा,एमए,रफी मोहम्मद, आसिफ,अनीस और सईदुल जफर ने भाग लिया।ठेका मेले के लिए नीलामी से पूर्व प्रत्येक ठेकेदार से 12 लाख रुपये जमानत राशि के तौर पर ड्रॉफ्ट द्वारा जमा कराये गए थे।ठेकेदार द्वारा मेले में सफाई व्यवस्था और पानी की उपलब्धता की मांग की गई।जिसे नगरपालिका द्वारा ठेकेदार को अपने निजी खर्च पर स्वयं व्यवस्था कराने की बात कही गयी।जबकि ठेका नखासा सर्वाधिक बोली 3 लाख 55 हजार रुपये के आधार पर पुराने ठेकेदार हाजी लियाकत अली के नाम छूटा।ईद मेला की अवधि पांच दिन निर्धारित की गई है।गौरतलब है कि नगर में करीब एक शताब्दी से रमजान माह के बाद ईद का चांद नजर आते ही ईद मेला लगता है।मेले में मनोरंज के साधनों के साथ-साथ जरूरत के विभिन्न सामानों की दुकानें लगती हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम, प्रधान लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, मुल्ला मुशर्रफ, मोहम्मद शफीक,मेराजुल इस्लाम, नेता तस्लीम, साकिब सैफी,मोहम्मद अय्यूब,रईस भूरा,अफसर अली, मतलूब मुन्ना,मतीन कुरैशी,तसलीम अहमद, मोहम्मद वसीम,आदि मौजूद रहे।



फोटो 15 बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी

# होली करीब आते ही सजने लगी रंगों की दुकानें

- कई प्रकार की पिचकारियां भी बाजार में छाई

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिले भर के बाजारों में होली का उल्लास देखने को मिलने लगा है। रंग-गुलाल और पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। बाजार में लोग हर्बल रंग और टैंक वाली पिचकारी की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध हैं, वहीं बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की भी भरमार है।

चार मार्च को रंग खेला जाएगा। इसे लेकर तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। घरों में विशेष तैयारियां चलने लगी हैं, तो बाजार में होली का रंग चढ़ने लगा है। बाजार में विभिन्न प्रकार के आइटम उपलब्ध हैं। नए तरह की पिचकारी, फायर सिलेंडर, पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल इस बार लोगों को अधिक आकर्षित कर रहा है। बाहुबली पिचकारी,



शहर में दुकान पर बिकते रंग बिरंगे कलर और डरावने चेहरे वाले मुखौटे

कॉर्टून पिचकारी, प्रेशर पिचकारी, अनार, खिलौने वाली पिचकारी बच्चों के लिए बाजार में आ गई है।

बाजार में सामान्य टोपी के अलावा बाल वाली टोपी, मुखौटों में शेर, चीता, डोरेमोन के अलावा डरावने चेहरे वाले मुखौटे भी बिक रहे हैं। पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंग बिरंगे फॉग स्प्रे, विभिन्न प्रकार के गुलाल भी बिक रहे हैं।बच्चों में अभी से ही होली का उत्साह देखा जा रहा है। लोग बच्चों के लिए पिचकारी, रंग, गुलाल, मिठाई और कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। वही घरों में साफ सफाई के साथ ही कचरी पापड़ बनाने का काम तेजी के साथ महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। पूरे-पूरे दिन महिलाएं छतों पर पापड़, चिप्स से लेकर रंग बिरंगी कचरी तक बना रही है। ताकि होली पर आने वाले लोगों को नये नये पकवान खिलाएं जा सके।

## गुजिया और नमकीन की जमकर बिक्री

रामपुरः होली रंगों के साथ-साथ खानपान का भी त्योहार है। इसको खास बनाने के लिए बाजार में ड्राई फ्रूट वाली नमकीन,आलू पापड़, बीकानेरी मूंग के पापड़, पंजाबी मसाला पापड़ समेत साबूदाना के बने उत्पाद बिक रहे हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर गुझिया भी बिकना शुरू हो गई है। नमकीन भी खूब बिक रही है। नमकीन चने की दाल 250 ग्राम 50 रुपये की बिक रही है। जबकि मावा 450 रुपये किलो बिक रहा है। जबकि देसी घी से बनी गुझिया भी बिक रही है। महिलाएं घरों में गुझिया बनाने की तैयारी कर रही है।

## होली और रमजान को देखते हुए पुलिस हुई सक्रिय

रामपुरः चार मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। जबकि मौजूदा समय में मुस्लिमों के रोजे चल रहे हैं। पर्व को शांतिपूर्ण तरह से मनाए जाने के लिए डीएम और एसपी शांति समिति की बैठक में हिस्सा लेकर लोगों को शांति से पर्व मनाने के लिए कह रहे है। इसके अलावा भी सीओ और थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की गणमान्य लोगों को बुलाकर बैठक कर रहे हैं। इसके अलावा नयी परंपरा डालने वालों पर अधिकारी सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं।

# थ्योरी और न्यूमेरिकल के लिए अलग अलग समय निर्धारित करें : ऋषिराज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल के रसायन विज्ञान प्रवक्ता ऋषिराज सक्सेना का कहना है कि 12वीं केमिस्ट्री के तैयारी के लिए प्रभावी तरीके हैं। सबसे पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से सिलेबस डाउनलोड करें। एक टाइम-टेबल बनाएं। थ्योरी और न्यूमेरिकल के लिए अलग-अलग समय निर्धारित करें।

परीक्षा के अधिकांश प्रश्न एनसीईआरटी से ही आते हैं। इसलिए हर अध्याय को बारीकी से पढ़ें।महत्वपूर्ण अध्याय,फिजिकल केमिस्ट्री, विद्युत रसायन, रासायनिक गतिकी और विलयन पर ध्यान केंद्रित करें, इसमें सूत्र आधारित प्रश्न आते हैं।ऑर्गेनिक केमिस्ट्री नेम रिएक्शन और रिएक्शन मैकेनिक्स की एक अलग कॉपी बनाएं, इससे अच्छे अंक मिलते हैं। इनऑर्गेनिक केमिस्ट्रीः डी- और एफ-ब्लॉक तत्व और समन्वय यौगिक पर ध्यान दें। मॉडल पेपर्स और मॉक टेस्ट पिछले सालों के प्रश्न पत्र हल करने से



परीक्षा पैटर्न और समय प्रबंधन में सुधार होगा। नोट्स संक्षेप में बनाएं ताकि परीक्षा से पहले रिवीजन आसान हो। थ्योरी वाले विषयों को दिन के समय और न्यूमेरिकल्स को प्रैक्टिस करने के लिए शाम का समय चुनें। 4-7 दिनों में परीक्षा की तैयारी के लिए मुख्य अभिक्रियाओं और ऑर्गेनिक केमिस्ट्री की बुनियादी बातों का रिवीजन करें। भौतिक विज्ञान के सूत्र और संख्यात्मक प्रश्नों का अभ्यास करें। अंतिम दिन पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें और उन विषयों का रिवीजन करें जो आपने अभी तक नहीं किए हैं।

# तीसरे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

- 26 जनवरी को जिला बेसिक कार्यालय होगा धरना

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिले में टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए लगातार तृतीय दिन भी दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य करने का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल (पूर्वमाध्यमिक) शिक्षक संघ ने अपने राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार, आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में एक बड़ा आंदोलन शुरू किया है। इसी के क्रम में बुधवार को जनपद के सभी शिक्षकों ने दाहिनी भुजा पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। जिससे उनकी इस मुद्दे पर विरोध और असंतोष व्यक्त किया जा सके।



इस विरोध प्रदर्शन में शिक्षकों ने एक्स पर टॉप ट्रेंडिंग में लाने के लिए एक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत शिक्षकों ने अपने विचार और विरोध व्यक्त करने के लिए एक्स पर पोस्ट किए, जिससे यह मुद्दा व्यापक रूप से ध्यान में आ सके।उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक)शिक्षक संघ के इस आंदोलन का उद्देश्य सरकार से इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा कराना है। शिक्षकों का कहना है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी जानी चाहिए।संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और जिला महामंत्री अंजुम सक्सैना ने बताया कि 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दोपहर 1 बजे धरना और पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी के माध्यम से शाम 4 बजे प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। अगर उस पर भी टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया जाता है तो पूरे देश के शिक्षक मिलकर के दिल्ली के रामलीला मैदान में मार्च में महा रैली करने को मजबूर होंगे।

# मंडी आय कम मिलने पर डीएम नाराज, दिए सुधार के निर्देश

- राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा एसआईआर धारा-24, 116, 67, 34 के लंबित वादों, फार्मर रजिस्ट्री, मंडी आवक,आय, स्वामित्व योजना तथा धारा-98 से संबंधित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि न्यायालयों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।सभी कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण तय किया जाए। न्यायालय में बैठने का समय निर्धारित करते हुए उसी के अनुरूप



बैठक को संबोधित करते डीएम

नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर लंबित वादों, विशेष रूप से पुराने वादों, का गुण-दोष के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान में मंडी आवक से प्राप्त राजस्व आय कीतहसील बिलासपुर एवं रामपुर की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त की। सभापति मंडी समिति बिलासपुर एवं रामपुर को मंडी आवक में अपेक्षित सुधार लाने हेतु कड़े निर्देश दिए। धारा-98 के लंबित प्रकरणों में तत्काल जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित उपजिलाधिकारियों को दिए गए। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत शेष किसानों को चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने के निर्देश दिए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त नोटिसों पर प्रतिदिन सुनवाई कर समयबद्ध निस्तारण करने तथा माननीय निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए गए।

## पंचायत में किसानों से जुड़ी सभी समस्याओं पर की चर्चा



**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में किसान मेला रठौंडा में हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए किसानों से जुड़ी सभी बातों पर विचार किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान मजबूत और सशक्त हो सकता है। भारत अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कुछ बिंदुओं पर चर्चा की। खतौनी में नाम व अंश भाग को लेकर चल रही समस्याओं से किसान लगातार परेशान है। उपभोक्ताओं का बिजली का बिल लगातार बड़ा चढ़ाकर निकाला जा रहा है।जिसको लेकर किसान साथियों को विभिन्न समस्याएं आ रही है। इसी के साथ भारत सरकार की पहल जल जीवन मिशन पूर्णतया असफल रहा। मिशन के तहत ग्रामीण सड़कों खोद को दिया गया है ,जिससे जनजीवन परेशान है। धान खरीद में धांधली बाजी की पूर्णतया जांच होनी चाहिए। इन सभी समस्याओं का प्रशासन जल्द से जल्द निस्तारण करा कर दे।इन सभी बातों को लेकर आगे की रणनीति भी तैयार की। इस मौके पर सरदार अवतार सिंह, फूल सिंह गंगवार, महेश बाबू गंगवार, राधेश्याम राजपूत, ताहिर खा, अंतरिक्ष पटेल, रामपाल पटेल,भानु प्रताप सिंह, वीरेंद्र गंगवार, सुनील मौर्य,प्रेमपाल गंगवार सहित बड़ी संख्या मैं किसान मौजूद रहे।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में कॉलोकेटेड आंगनबाड़ी के निपुण छात्र सम्मानित



**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के तहत ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के सभी कॉलोकेटेड आंगनबाड़ी के निपुण छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में हुआ।मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी मुदिता तिवारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों के समन्वय से ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने निपुण छात्रों को बधाई दी। एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री को सम्मानित किया।खंड विकास अधिकारी पीयूष वर्मा ने बच्चों को किट देकर प्रोत्साहित किया उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि यदि आप मेहनत से पढ़ेंगे तभी आप कामयाब इंसान बनेंगे और अपने देश परिवार का नाम रौशन करेंगे।मंच संचालन ए आर पी लोकेश राजपूत एवं मंगलसेन ने किया। प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा, भैंसिया, कमुआ नगला, और तालमहावर के बच्चों द्वारा प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में कॉलोकेटेड आंगनबाड़ी एवं नोडल शिक्षक,नोडल शिक्षक संकुल,आरपी आकांक्षा गौतम ,जसवीर सिंह ,मंगलसेन ने रेनू ,सुमन, राजकुमारी, दीपा, पिंकी विप्सा, नीति, नितिन, अमर सिंह, अलका माथुर, मीनू आदि ने प्रतिभाग किया।

# मांग पूरी होने तक कलम बंद हड़ताल पर अधिवक्ता

- नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे अधिवक्ता

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** तहसील के सामने स्थित तालाब पर किए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर शाहबाद बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख कर लिया है। शाहबाद तहसील के अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर चले गए है।

बुधवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान खां के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे और मांगे पूरी न होने तक हड़ताल का ऐलान कर दिया।

बताते चले कि मंगलवार को भी बार एसोसिएशन ने एडीएम राजस्व संदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपकर तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। बुधवार को शाहबाद के सभी



तालाब की जमीन से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर नारेबाजी की और तालाब से अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने तक कलम बंद हड़ताल का ऐलान किया। इस दौरान निधि गोपाल यादव, वसीम खां, मनोज भारद्वाज, नीरज राजपूत, जुबैर खां, अनोद शर्मा, रेहान खां, शहजान खां, जुबैर खां, फहीम अकरम, गौसिया जमाल आदि रहे।बार एसोसिएशन शाहबाद के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान खां का कहना है कि जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हो जाती और तहसील के सामने के तालाब से अवैध कब्जा नहीं हट जाता, तब तक वकीलों की कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण में लापरवाही और कार्य प्रगति न होने पर कर्मी की संविदा समाप्त

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई थी। जिसमें आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की थी।समीक्षा के दौरान यह पाया कि विकास खंड बिलासपुर में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर द्वारा 15 से 20 फरवरी के मध्य मात्र 4 परिवारों के 53 सदस्यों तथा 21 से 23 फरवरी के मध्य केवल 1 परिवार के 22 सदस्यों के ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 23 फरवरी तक विकास खंड बिलासपुर में परिवार लक्ष्य 18,851 के सापेक्ष 16,469 (87.36 प्रतिशत) तथा सदस्य लक्ष्य 87,950 के सापेक्ष मात्र 54,900 (62.42 प्रतिशत) की उपलब्धि प्राप्त की गई है, जो कि अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठकों में बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति में सुधार न लाए जाने को गंभीर लापरवाही मानते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी श्रीमती दीपा सिंह द्वारा संबंधित संविदाकर्मी की संविदा समाप्त कर दी गई है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया है कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित रूप से बनाए जाएं, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

# मनोना धाम तक 101 किमी की दंडवत परिक्रमा यात्रा करने वाले भक्तों का शाहबाद में हुआ सम्मान

- ऐसे भक्तों को सम्मान करने से मिलता परम सुखः विनोद

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** जनपद के टांडा बादली से एक श्री श्याम भक्त ने विश्व विख्यात चमत्कारिक मनोना धाम तक का सफर लेट कर दंडवत परिक्रमा के माध्यम से कलयुग के राजा श्री कृष्ण भगवान के लाडले श्री श्याम सरकार के मंदिर मनोना धाम तक जाने का फैसला लिया। श्री श्याम भक्त ने बताया कि यह धार्मिक कार्य वह काफी लंबे से सोच रहे थे जो कि अब समय आया है उन्होंने बताया कि उनकी यह दंड वत परिक्रमा यात्रा 1 फरवरी से शुभारंभ की गई जिसको



फोटो 07 रामपुर से मनोना धाम तक दंडवत परिक्रमा करने वाले भक्तों का सम्मान करते संगठन मंत्री विनोद गुप्ता

24 फरवरी को टांडा से आगे बरेली रोड पर महालक्ष्मी हॉस्पिटल के पास तक वह पहुंचे हैं जिस दौरान श्री श्याम प्रेमियों के द्वारा उनका हाल-चाल जाना गया बताते चलें कि मनोना धाम सरकार के पूज्य महंत महाराज के आशीर्वाद से जिस दौरान उनका परिक्रमा के दौरान फूलों की पुष्प वर्षा कर फूल माला पहनाकर पटका आदि से सम्मान किया। इस दौरान शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, विकास मुल्तानी, समाजसेवी शुभम अग्रवाल सर्राफ, कान्हा विनोद गुप्ता ने उनका रास्ते में पहुंचकर परिक्रमा करने वालों में अरुण ठाकुर, पूजा ठाकुर, अहस ठाकुर, विवेक ठाकुर आदि का स्वागत सत्कार किया।

# आम के बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के फूलपुर बीझलपुर मार्ग स्थित एक आम के बाग में बुधवार सुबह युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिनेशपुत्र नेमपाल, 30 वर्षीय निवासी बाईखेड़ा के रूप में हुई है। घटना का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसी बाग के बटाईदार गुलजार अपने नौकर जानकीदास के साथ टहल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर हाजी शाहिद के बाग में पेड़ से लटके शव पर पड़ी।

गुलजार और जानकीदास ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए।पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिनेश की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

फिलहाल पुलिस आत्महत्या और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहनता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक साक्ष्यों और परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक दिनेश अपने पीछे पत्नी रेणु वह दो बेटियों को रोते बिलखते छोड़ गया है। मृतक की जेबों से तलाशी ली गई तो एक मोबाइल,सोने का कंगन एवं आधार कार्ड मिला। पुलिस ने आधार कार्ड के द्वारा मृतक की शिनाख्त की।


मौके पर एकत्रित भीड़ एवं पुलिस

# यूजीसी कानून एक तरह से जन विरोधी, इसे खत्म किया जाए, टिकैत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक तहसील के निकट संपन्न हुई। बैठक में यूजीसी कानून को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा। बैठक में बोलते हुए ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा यूजीसी कानून में नए विधेयक को जोड़ना और अमेरिका के साथ की गई डील दोनों पूरे तरह से जन विरोधी एवं भविष्य में भारतीय कृषि क्षेत्र को नष्ट करने वाले हैं। यूजीसी कानून के नए नियम से भारत में निवास करने वाले सभी वर्गों के बीच आक्रोश पनप रहा है। बैठक में बोलते हुए काले सिंह ने कहा यूजीसी कानून भविष्य में भारतीय संस्कृति एवं समाज दोनों के लिए ही घातक सिद्ध होगा। भारत में अमेरिका से जो ईड डील की है। उसके भविष्य में भारतीय कृषि और किसान का अस्तित्व समाप्त होना निश्चित है। अतः दोनों विषयों पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन महा महिम के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता है कि भारत सरकार दोनों जन विरोधी कानूनों को तत्काल वापस ले। इस मौके पर सुरेंद्र शर्मा, शीशपाल सिंह, संजीव बालियान, मास्टर महेंद्र सिंह, गंगाराम सिंह, ठाकुर महेश सिंह ,काले सिंह आदि मौजूद रहे।


किसानों को संबोधित करते तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह

# शिविर के माध्यम से महिला सशक्तिकरण विषय पर दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।**बुधवार को महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंधिका अनुभा अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बौनावाली डगरोली में किया। उन्होने निर्धारित विषय कौशल विकास के लिए युवा के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर विशेष जानकारी देते हुए कहा कि महिला केवल घर की नहीं, अपितु सशक्त राष्ट्र निर्माण की आवश्यक हिस्सा है। आज के युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। संविधान में महिलाओं को कई अधिकार दिए गए हैं। आज महिलाएं विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए भिन्न-भिन्न क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं, महिलाएं सरकार द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 181, 1091, 112 की मदद ले सकती हैं। महिला सशक्तिकरण के बारे में समझाते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और शैक्षिक रूप से स्वतंत्र बनाकर निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना जाएगी है। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने सभी स्वयंसेवकों को महिला सशक्तिकरण के अधिक से अधिक महिलाओं को घर-घर जाकर जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, अतुल शर्मा ,मनोज कुमार शर्मा , लोकेश कुमार, विनोद गुप्ता , जूही त्यागी, अनुराधा, निशा, निगम, नेहा सागर, पायल, प्रियंका, प्रीति, सृष्टि, वर्षा, सरिता, नीलू सैनी, मोनिका, शीतल, सोनिया , काजल ,अक्षय, मीनू आदि सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# यादव जी की लव स्टोरी मूवी को लेकर भाकियू बीआर अंबेडकर ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर ने यादव समाज के लोगों के साथ यादव जी की लव स्टोरी मूवी को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में यादव समाज के लोगों ने यादव जी की लव स्टोरी मूवी को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जातिगत नाम का दुरुपयोग फिल्म के शीर्ष में यादव शब्द का प्रयोग केवल व्यावसायिक लाभ और सनसनी फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। यह समाज की गरिमा को कम करने का प्रयास है फिल्म के प्रचार और टेलर में यह स्पष्ट हो रहा है कि इसमें यादव समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत किया।जिससे नई पीढ़ी के बीच इस वर्ग की छवि धूमिल हो सकती है। किसी भी फिल्म को अभिव्यक्त की स्वतंत्रता है किंतु उसे किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करने या सामाजिक समरसता को चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है। जनपद अमरोहा में इस फिल्म के प्रदर्शन और इसके प्रचार सामग्री पोस्टर पेटिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए ।सम्मानित फिल्म निमार्ता और निदेशक को तुरंत निर्देशित किया जाए कि वह फिल्म के शीर्ष से जाति सूचक शब्द हटाए भविष्य में ऐसी किसी भी गतिविधि को अनुमति न दी जाए जिससे जिले का माहौल बिगड़ने की संभावना हो ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय भाटी, मंथन प्रधान, अशोक पहलवान, सोनू गुर्जर ,रूम सिंह खड़गवंशी ,महेंद्र यादव, रोहित यादव, राहुल ,सोनू यादव, देवेंद्र यादव, रामावतार यादव ,पप्पू यादव, धर्मपाल यादव, सेवाराम यादव, सतपाल यादव ,विजय यादव, सज्जन यादव ,मनवीर यादव, अनिल यादव ,दीपांशु यादव, राहुल यादव, कोमल यादव आदि मौजूद रहे।


भाकियू बीआर अंबेडकर ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# खो बैराज में लापता युवक का पांचवें दिन भी सुराग नहीं

- परिजनों ने तेज खोज की मांग की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरकोट।** खो नदी में छलांग लगाने वाले युवक का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। इससे व्यथित परिजनों ने बुधवार को खो बैराज पहुंचकर प्रशासन से खोज अभियान तेज करने की मांग की। इस दौरान भावुक अपील का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार धामपुर निवासी योगेश सैनी, पुत्र दिनेश सैनी, ने बीते शनिवार को खो बैराज पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। घटना के बाद से पुलिस प्रशासन और 23वीं बटालियन पीएसी मुरादाबाद की टीम द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गोताखोरों और अन्य संसाधनों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। बुधवार को परिजन खो बैराज पहुंचे और खोज कार्य में तेजी लाने की मांग को लेकर आक्रोश जताया। उनका कहना है कि घटना के बाद से वे लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं, लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है। परिवार ने अतिरिक्त संसाधन और व्यापक स्तर पर सर्च अभियान चलाने की अपील की है।सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में परिजन अपने लापता बेटे को लेकर गहरी व्यथा व्यक्त करते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन और मीडिया से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हर गुजरता दिन उनके लिए भारी पड़ रहा है और अनिश्चितता की स्थिति ने उन्हें मानसिक रूप से बेहद परेशान कर दिया है। फिलहाल पुलिस और पीएसी की टीम द्वारा नदी क्षेत्र में सघन तलाश अभियान जारी है। प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के साथ लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जैसे ही कोई जानकारी मिलेगी, परिजनों को अवगत कराया।

## गश्त के दौरान तेंदुआ देखकर पुलिस के उड़े होश

**कांठ।** कांठ क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में गश्त के दौरान पुलिस ने एक तेंदुआ देखा। पुलिस ने ग्रामीणों की वन्य जीव से सुरक्षा हेतु वन विभाग को सूचित कर दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में मुख्यतः ईद और होली पर को लेकर गस्त के दौरान उपनिरीक्षक गंगा शरण एवं मोनू शर्मा ,कांस्टेबल अभय कुमार बालियान मंगलवार की रात्रि करीब 8 बजे जैसे ही एक किसान के खेत के पास पहुंचे। खुले स्थान पर एक तेंदुआ आराम से बैठा हुआ था। यह दृश्य देखकर पुलिस के होश उड़ गए। किसी तरह पुलिस ने तेंदुए का फोटो खींच कर वन विभाग कोई संबंध में सूचना दी। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता करने का आग्रह किया है।

## 9 साल की मासूम के साथ बलात्कार,दी तहरीर

**नजीबाबाद।** एक प्राइवेट स्कूल के टीचर पर परिजनों ने 9 साल की बच्ची के साथ सुनसान जगह पर ले जाकर बलात्कार करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पहले बच्ची के परिजन थाने में तहरीर दे ही रहे थे कि तभी एक दूसरी महिला भी प्राइवेट टीचर के खिलाफ अपनी 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पहुंच गई। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

नगर निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी एक 9 वर्षीय पुत्री पड़ोस के ही प्राइवेट स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा है, जबकि टीचर भी उसका पड़ोसी है। आरोप है कि 23 फरवरी को शाम 5 बजे उसकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोसी प्राइवेट टीचर उसकी पुत्री को अपने घेर में ले गया जहां पर वह अपने पशुओं को बांधता है। परिजनों का आरोप है कि उसने जबर्दस्ती उसकी बच्ची के साथ बलात्कार किया।पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर ही रही थी कि तभी एक दूसरी महिला भी अपनी बच्ची को लेकर थाने में पहुंच गई और उसने भी टीचर पर अपनी 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एक साथ दो परिजनों द्वारा आरोप लगाए जाने से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस अधीक्षक बिजनौर ने थाना अध्यक्ष नजीबाबाद को जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सपा की साइकिल रैली में एसआईआर में कथित गड़बड़ियों के विरोध में प्रदर्शन

**बिजनौर।** शहर में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में शेख जाकिर हुसैन (निवर्तमान जिलाध्यक्ष) और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। पार्टी नेताओं का कहना है कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों के कारण योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतें मिल रही हैं, जिनके प्रति जनता को जागरूक करना रैली का उद्देश्य है।रैली वैष्णो विहार स्थित अनुज मलिक के आवास से शुरू होकर बैराज रोड, नुमाइश ग्राउंड, जजी चौक, शास्त्री चौक, सिविल लाइन, डाकघर चौराहा, रोडवेज चौराहा और कलेक्ट्रेट रोड से होते हुए पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई।रास्ते में विभिन्न स्थानों पर रैली का स्वागत किया गया। जजी चौराहे पर अधिवक्ताओं, सिविल लाइन में रिक्शा यूनियन पदाधिकारियों तथा डाकघर चौराहे पर व्यापारियों ने फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। सैकड़ों कार्यकर्ता साइकिलों पर सवार होकर अखिलेश यादव जिंदाबाद और पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे। संबोधन में अनुज मलिक ने कहा कि यह रैली जन-जागरण का अभियान है और मताधिकार से जुड़े मुद्दों पर पार्टी आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।फिलहाल प्रशासन की ओर से एसआईआर में कथित गड़बड़ियों के संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## अलीगढ़ मार्ग पर सांड से टकराई बुलेट बाइक

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर मंगलवार की देर शाम मंगरौला गंगा एक्सप्रेसवे के निकट सांड से बुलेट मोटरसाइकिल टकरा गई। बाइक सवार आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी भूपेंद्र व शहबाजपुर ढोला निवासी केशव बुरी तरह घायल हो गए।राहगीरों ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रेफर कर दिया।परिजनों के मुताबिक भूपेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है।

# डॉ. अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति की कार्यकारिणी घोषित

- दिनेश गौतम ने सौंपी जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति 2026 के आयोजन हेतु नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कोर कमेटी अध्यक्ष जयपाल सिंह की देखरेख में कार्यकारिणी का विस्तार किया। मास्टर रामवीर सिंह ने बताया कि कोर कमेटी के सदस्य महीपाल सिंह, सतेन्द्रपाल एडवोकेट, चमनलाल एडवोकेट, चमनलाल अमीन और संजय सिंह ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।

कार्यकारी अध्यक्ष लता सागर, महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहताश सिंह और उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार अन्ना, विजय कुमार गौतम व मुकुट सिंह को बनाया गया है। मंत्री पद पर प्रेम सिंह, गौतम सिंह, मलखान सिंह, शिवम सिंह, नवी सागर, मुकेश उर्फ मुखिया व मायेराम को जिम्मेदारी मिली है। संगठन मंत्री विजय सिंह उर्फ टीटू, सतीश कुमार, सुधीर कुमार और प्रचार मंत्री प्रभात मौर्य व पंकज कुमार बनाए गए।विधिक सलाहकार अजब सिंह, पंकज, अखिलेश व संजय कुमार एडवोकेट चुने गए। ऑडिटर करणवीर सिंह, रोशनलाल व राहुल सागर तथा मीडिया प्रभारी अमित हाली, कपिल ओकालू, भोला कुमार, मनोज कुमार, प्रवेश कुमार, जयपाल सिंह, जगदीश शरण व राजाराम नियुक्त हुए। संरक्षक मंडल में मुरारी लाल मौर्य, अतर सिंह नेताजी, नरेश कुमार व दौलत सिंह दिनेश कपड़े वाले तथा संयोजक मंडल में विनोद कुमार व रामवीर सिंह शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में रूपराम सिंह, बदन सिंह गौतम, नवाब सैफी, दिनेश सिंह, हरस्वरूप सिंह, पवन कुमार, शिवम सिंघानिया, ज्ञान सिंह व अखिलेश सिंह को रखा गया है।


नवनियुक्त पदाधिकारी का हुआ स्वागत

# डग्गामार बसों पर शिकंजा एक सीज तीन का चालान



जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सैदनगली अवैध रूप से संचालित हो रहे डग्गामार वाहनों के विरुद्ध सैदनगली पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। थानाध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने संभल-हसनपुर मार्ग पर अवैध रूप से दौड़ रही एक बस को सीज कर दिया, जबकि तीन अन्य बसों के चालान काटे गए।

थानाध्यक्ष विकास चौधरी ने बताया कि काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि डग्गामार बसें न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के राजस्व को भी भारी चपत लगा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस टीम ने डग्गामार वाहनों की धर-पकड़ की। इस कार्रवाई से डग्गामार संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है बताया जा रहा है कि अवैध बसों के संचालित होने की शिकायत की गई है कार्रवाई के दौरान अवैध बसों की एंट्री लेने वाले लोगों में हड़कंप मच गया अवैध रूप से चल रही बसों से अवैध रूप से महीने की लाखों रुपए की उगाई की जारी है जिस पर अंकुश लगना जरूरी है पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसान गोष्ठी आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** बुधवार को गन्ना विकास परिषद अगवानपुर एवं अगवानपुर चीनी मिल के तत्वावधान में तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर चौहरा तथा गन्ना विकास परिषद अगवानपुर व स्योहारा चीनी मिल के ग्राम मधुआ में अलग अलग बसंत कालीन गन्ना बुवाई के संबंध में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में किसानों को नवीन गन्ना किस्मों कोशा 13235, 17231, 18231, 19231,14201, 16202,0118 एवं 15023 – का आच्छादन बढ़ाने की सलाह दी गई। साथ ही बताया कि किसी भी एक किस्म का गन्ना कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 40 प्रतिशत से अधिक न रखें तथा प्रत्येक कृषक एक से अधिक नवीन किस्मों को वसंतकालीन बुवाई में शामिल करें।जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए 98014, 13231, 10239 एवं 94184 किस्मों की बुवाई का सुझाव दिया गया। विभागीय योजनाओं जैसे जिला योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि के अंतर्गत उपलब्ध लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही ब्रीडर सीड की उपलब्धता, निकटवर्ती ग्रामों में आरक्षित गन्ना बीज की किस्म और उपलब्धता पर भी प्रकाश डाला गया।गोष्ठी में पंचामृत विधि, ट्रेंच विधि से खेती, सहफसली खेती, मल्चिंग एवं पेड़ी प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। गन्ना बुवाई में उपयोग होने वाली दवाओं, बीज उपचार, ट्राइकोडरमा के प्रयोग, संतुलित खाद एवं उर्वरक उपयोग तथा पौधशाला में कृषक वार बीज उपलब्धता के संबंध में भी किसानों को जागरूक किया गया।ग्राम रसूलपुर चौहरा में कार्यक्रम में गन्ना पर्यवेक्षक भूमिराज सिंह, दीवान चीनी मिल के प्रतिनिधि श्री गंभीर सिंह, इफको के प्रतिनिधि यशवीर सिंह एवं ग्राम मधुआ में गन्ना पर्यवेक्षक सुधीर कुमार व मुनेंद्र कुमार, स्योहारा चीनी मिल के प्रतिनिधि राजीव राजीव चौधरी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।



गोष्ठी में उपस्थित किसान व अन्य

## नगर में परंपरागत तरीके से निकलेगा रंग एकादशी का जुलूस

**कांठ।** रंग एकादशी का जुलूस नगर में पूजा अर्चना के उपरांत कल परंपरागत रीति रिवाज के साथ निकाला जाएगा। जिसमें पंडित सतीश चंद्र शर्मा पूजा अर्चना करेंगे।नगर कांठ में 27 फरवरी दिन शुक्रवार को यानी कल परंपरा के अनुसार स्वर्गीय काबली साहब के आवास (पुरानी सब्जी मंडी) से प्रतिवर्ष रंग एकादशी को जुलूस निकाला जाएगा। स्वर्गीय काबली साहब के पौत्र अनिल बिश्नोई ने बताया कि नगर में 27 फरवरी कल शुक्रवार को परंपरा के अनुसार रंग एकादशी का जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि कल प्रातः 10:00 बजे विद्वान पंडित सतीश चंद्र शर्मा पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद यहां से एकादशी का जुलूस निकाला जाएगा।

इस अवसर पर आनंद बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, राजन विश्नोई, निरुपम विश्नोई, नवदीप शर्मा, देवेंद्र कश्यप, नरेश यादव, अभय माहेश्वरी, गौरव बिश्नोई, नवनीत पहलवान, अमर सिंह दिवाकर, सनी विश्नोई, डॉ जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

चिंतन

# चिंताजनक है मुद्दाविहीन लोकसभा चुनाव

मौजूदा लोकसभा चुनाव मुद्दाविहीन है। जब कोई चुनाव मुद्दों पर आधारित होता है तब पक्ष और विपक्ष के लिए बहस आसान होती है। सत्ता पक्ष के पास अपने अनेक कार्य गिनाने का अवसर चुनाव के समय होता है। सत्ता पक्ष द्वारा अपने पक्ष में रखी जा रही बातों और प्रशंसा का मंच चुनाव होता है। सत्तारूढ़ दल अपने कार्यों को बता कर यदि चुनाव में लाभ उठाता है तो यह उसका अधिकार भी है। विपक्ष के पास सत्ता दल को घेरने के लिए मुद्दे होने चाहिए। इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष किसी भी समस्या को मुद्दा नहीं बना पाया। सच तो यह है कि कोई भी सरकार अपने कार्यों से बोलती है और विपक्ष माइक से बोलता है। पूरे पांच साल विपक्ष मुद्दा आधारित लोकहित के विचार सदन के भीतर और बाहर नहीं रख पाया। न ही आंदोलन से अपने पक्ष में वातावरण बना पाया। जनहित की बातों और समस्याओं को लेकर लोकसभा में सकारात्मक चर्चा भी ठीक नहीं रही। राष्ट्रीय बिंदुओं पर जहां विपक्ष भागता रहा, वहीं इसका लाभ सत्ता दल को लगातार मिलता देखा गया। प्रायः सत्तादल की किसी छोटी सी बात या टिप्पणी पर विपक्ष भ्रमित होता देखा गया।

जनहित पर चर्चा लोकसभा और विधान मंडल के सदनों में नहीं होने से सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में निराशा होती है। सत्ता दल को इसका लाभ मिलता है। राष्ट्र का नुकसान होता है। खास बात यह भी है, कि सदन के भीतर माननीय सदस्यों को मर्यादित रहने, सदन को सुव्यवस्थित चलाने , संसदीय व्यवस्था के अनुसार आचरण करने के प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। सत्र के एक-दो दिन पूर्व सर्वदलीय बैठक और साथ में सत्ता दल द्वारा सदन के सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया जाता है। मगर सदन के पहले दिन ही हंगामा शुरू हो जाता है। सदन चलाने में मोटी धनराशि खर्च होती है। अपने नेता के प्रति वफादारी दिखाने का अवसर सदन में मिलता है। वह इस स्वर्णिम अवसर को खोना नहीं चाहते हैं।

चुनाव में जनमानस इस बात का मूल्यांकन करता है उसके क्षेत्र के सांसद और विधान ने सदन में नए कानून पर कितनी चर्चा की। क्या कोई ऐसे सुझाव दिए जो राष्ट्र निर्माण के लिए सुंदर हैं। क्या शिक्षा को लेकर कोई विषय रखा ? क्या सदन में पर्यावरण की चिंता की ? नदियों में प्रदूषण को घटाने पर कोई उपयोगी सुझाव दिए। क्या इस पर चर्चा हुई कि किसानों की फसल का अधिकतम लाभ मिले। इस पर कितने सांसदों और विधायकों की राय आई। प्रश्न प्रति प्रश्न हुए । सरकार का प्रश्नों में क्या रुख रहा। विधान परिषद सदस्य स्नातक क्षेत्र के भी होते हैं। तो भी स्नातकों की बात क्यों नहीं होती है। सदस्यों ने सदन के भीतर यह जरूर बताया होगा कि किसान के बेटे हैं। गांव से आए हैं। भारत गांव में ही है। बेरोजगारी को लेकर सांसदों- विधायकों की राय सामने नहीं आती है। न ही लोकसभा में न विधानसभा में । आखिर यह विषय आते क्यों नहीं।

विपक्ष बोलता नहीं । सत्ता दल मौन होता है, जबकि शक्तियों की बात की जाए तो विधायक, एमएलसी, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य चाहे वे सत्ता दल के हों या हो या विपक्ष के, समान शक्तियों से लैस हैं। मगर वह प्रायः नहीं बोलते । उनके अंदर प्रश्न नहीं उठते। सदन के भीतर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करते हैं। वह प्रश्नाकुल नहीं होते हैं। वह उनके लिए भी विचलित नहीं होते जिनके वोट से पदासीन होते हैं। उपनिषदों में एक उपनिषद है-प्रश्नोपनिषद , वह उससे भी प्रेरित नहीं होते। वह किसी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक की कमी को भी देखकर सदनों में यह समस्या नहीं रखते हैं। बात चिकित्सा, शिक्षा या नई ट्रेन चलवाने की बस चलवाने, नदियों ,पहाड़ों को बचाने की नहीं है। मूलभूत प्रश्न है संसद, विधानमंडल में जब गांव-गरीब, मजदूर-बेरोजगारी, दवा ,अपराध ,न्याय की चर्चा में भागीदारी नहीं होगी तो उपाय क्या है?

हमारे अधिकार क्या हैं। बहुसंख्यक आबादी नहीं जानती कि उनके संवैधानिक अधिकार क्या हैं? आज भी प्रायः लोग मानते हैं कि सांसद या विधायक पुलिस-तहसील में सिफारिश करने के लिए उपयुक्त है। यह काम जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। मगर लोकसभा में जब कोई विधेयक लाया जा रहा हो तब सांसदों की क्या भूमिका होती है? देश की जनता प्रायः नहीं जानती है। संसद और विधान मंडल की कार्यवाही में जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी क्या है? इसे लेकर शिक्षित और प्रबुद्ध समाज भी गंभीर नहीं है। जब बेरोजगारी पर बात होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के बजट पर चर्चा होती है तो किसानों, मजदूरों और डिग्री धारकों के भविष्य पर चर्चा भी होनी चाहिए, ऐसे में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी तो चौंकाती ही है। डॉ. जगदीश्वर चतर्वेदी ने अपनी पुस्तक हिंदी पत्रकारिता के इतिहास की भूमिका के पेज 85 अध्याय भारतेंदु युगीन पत्रकारिता का परिप्रेक्ष्य में लिखा है कि आधुनिक युग में संस्कृत और राजनीतिक नाभिनालद्वय है जो लोग संस्कृति और राजनीति में संबंध नहीं देखते। वे समाज के प्रति समग्र दृष्टिकोण पैदा भी नहीं कर सकते। इन दिनों परिवारवाद बड़ा मुद्दा है। जातिवाद उन्मूलन बड़ा मुद्दा नहीं है। भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं है, यह विषय गंभीर है। इस पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए।

# आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी पुनपाठ जरूरी

हृदयनारायण दीक्षित

गांव-गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव-कांव कर रहा है। झूठ-मूठ।

बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा-देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, ''संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।'' लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है।

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था, ''भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।'' सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, ''आयरिश संविधान में, दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं। शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमंडल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।'' उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया, ''हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।'' यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।

संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आम्बेडकर ने कहा, ''जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।'' उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था ''यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।''

फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, ''क्या मौलिक अधिकारों (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?'' केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ी बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखंडता, परिसंघीय प्रणाली, न्यायायिक पुर्नविलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए।दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडी गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है।


**बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा-देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, ''संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।'' लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है। संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था, ''भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।'' सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, ''आयरिश संविधान में, दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं। शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमंडल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।'' उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया, ''हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं।**

**संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था, ''भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।'' सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, ''आयरिश संविधान में, दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं। शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमंडल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।'' उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया, ''हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।'' यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।**

**संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आम्बेडकर ने कहा, ''जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।'' उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था ''यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है।**


# मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन और सरकारी सेवाओं में संवेदनशीलता की आवश्यकता अनिवार्य : प्रेस कोर कॉउन्सिल

डॉ. इंदु भूषण बाली

भारत के संवैधानिक ढांचे में प्रत्येक नागरिक के अधिकारों के साथ-साथ कुछ मौलिक कर्तव्य भी निहित हैं, जिन्हें संविधान की धारा 51इ में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये कर्तव्य केवल लिखित नियम नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव के मूल तत्व हैं। इन कर्तव्यों का उद्देश्य न केवल देश के सुशासन को सुनिश्चित करना है, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को भी बल प्रदान करना है। मौलिक कर्तव्यों का पालन न मात्र नागरिकों के लिए आवश्यक है, बल्कि सरकारी विभागों और अधिकारियों के लिए भी यह अपेक्षा है कि वे अपने दायित्वों का पालन पूरी निष्ठा और सत्यनिष्ठा के साथ करें। आज जब हम अपने देश की प्रगति और विकास की समीक्षा करते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं मौलिक कर्तव्यों और संवैधानिक निष्ठा के अभाव ने हमारे विकास पथ में बाधाएं खड़ी की हैं। भारतीय सरकारी विभागों में डाक विभाग को वर्षों तक देश में सर्वाधिक विश्वसनीय और भरोसेमंद विभाग माना जाता रहा है। स्पीड पोस्ट, सामान्य डाक सेवाएं और लॉजिस्टिक नेटवर्क के माध्यम से आम नागरिकों और व्यवसायों के बीच सूचना और पत्राचार का भरोसेमंद नेटवर्क सुनिश्चित किया जाता है। डाक विभाग ने अपने समर्पित कर्मचारियों और पारदर्शी प्रणाली के कारण देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इसे भरोसेमंद सेवाओं के लिए जाना जाता रहा है। लेकिन आज की परिस्थितियों में यह देखा जा रहा है कि इस विभाग में भी न्यायिक विभाग की भांति लापरवाही और सुस्ती के स्पष्ट प्रमाण मिलने लगे हैं। हाल के समय में कई स्पीड पोस्ट गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच रही हैं, जिससे न केवल नागरिकों की असुविधा बढ़ी है, बल्कि सरकारी दस्तावेजों, कानूनी प्रक्रियाओं और व्यवसायिक लेन-देन में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

वर्णननीय है कि मात्र देरी ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि सरकारी कर्मचारियों की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व में कमी और भी गहरी समस्या है। जब एक नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करता है, तो उससे अपेक्षा की जाती है कि सरकारी अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी को सत्यनिष्ठा और व्यवसायिक निष्ठा के साथ निभाएं। दुर्भाग्यवश, कई मामलों में यह देखा गया है कि पोस्ट मास्टर जनरल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की सुस्ती, लापरवाही और असंवेदनशीलता पर उचित नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल विभाग की विश्वसनीयता को प्रभावित करती है, बल्कि संविधान और नागरिकों के प्रति सरकारी वचनबद्धता को भी निर्बल करती है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो यह पूरे सरकारी तंत्र और नागरिकों के विश्वास को प्रभावित कर सकती है।

डाक विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, उनके प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की जाए और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। पोस्ट मास्टर जनरल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस दिशा में स्पष्ट और निर्णायक नेतृत्व दें, ताकि विभाग में विश्वास और कार्यकुशलता दोनों ही बरकरार रहें। साथ ही, डिजिटल तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग कर विभागीय प्रक्रियाओं को आधुनिक और नागरिक-मित्र बनाया जाना चाहिए।

देश की प्रगति और नागरिकों के विश्वास का आधार केवल आर्थिक या तकनीकी नीतियों में नहीं है, बल्कि यह निर्भर करता है कि सरकारी सेवाएं संवैधानिक उद्देश्यों के अनुरूप और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से प्रदान की जा रही हैं या नहीं। जब सरकारी अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठापूर्वक करेंगे, तभी नागरिकों में भी कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी की भावना प्रबल होगी। इससे समाज में अनुशासन, पारदर्शिता और नैतिकता को भी बल मिलेगा, जो समग्र विकास और लोकतंत्र की सुदृढता के लिए अनिवार्य है।

अतः यह समय की मांग है कि डाक विभाग सहित सभी सरकारी विभाग संवैधानिक वचनबद्धता, निष्ठा और उत्कृष्टता को प्राथमिकता दें। विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाएं, कर्मचारियों में उत्तरदायित्व की भावना जगाएं और नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लें। यह केवल एक संगठनात्मक आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केवल तभी हम अपने मौलिक कर्तव्यों के पालन के साथ-साथ देश को पिछड़ने से रोक सकते हैं और भारत को विश्व में एक कर्त्तव्यनिष्ठ और उत्तरदायी राष्ट्र के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास और सामाजिक समरसता का भी आधार है। यदि प्रत्येक नागरिक और सरकारी अधिकारी संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत निश्चित रूप से प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही, सरकारी संस्थाओं में जवाबदेही और संवेदनशीलता का समावेश देश की साख और विश्वास को मजबूती देगा, जिससे नागरिकों में भरोसा और संस्थागत विश्वास दोनों बढ़ेंगे। यही कारण है कि प्रेस कोर कॉउन्सिल भी इस मुद्दे पर लगातार ध्यानाकर्षण कर रहा है, ताकि लोकतंत्र, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय प्रगति का मार्ग सुनिश्चित हो।

अतः यह समय है कि हम सभी—नागरिक, सरकारी अधिकारी, और संस्थाएं—मौलिक कर्तव्यों और संवैधानिक निष्ठा के महत्व को समझें और इसे अपने जीवन तथा कार्य में व्यावहारिक रूप से लागू करें। तभी हम भारत को विश्व के मानचित्र पर एक जिम्मेदार, संवेदनशील और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित कर सकते हैं।


**वर्णननीय है कि मात्र देरी ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि सरकारी कर्मचारियों की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व में कमी और भी गहरी समस्या है। जब एक नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करता है, तो उससे अपेक्षा की जाती है कि सरकारी अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी को सत्यनिष्ठा और व्यवसायिक निष्ठा के साथ निभाएं। दुर्भाग्यवश, कई मामलों में यह देखा गया है कि पोस्ट मास्टर जनरल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की सुस्ती, लापरवाही और असंवेदनशीलता पर उचित नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल विभाग की विश्वसनीयता को प्रभावित करती है, बल्कि संविधान और नागरिकों के प्रति सरकारी वचनबद्धता को भी निर्बल करती है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो यह पूरे सरकारी तंत्र और नागरिकों के विश्वास को प्रभावित कर सकती है। डाक विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, उनके प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की जाए और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।**


सेहत

# आरिफ मोहम्मद की अयोध्या यात्रा

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

अयोध्याधाम के भव्य श्रीराम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कम नहीं हो रही है। मंदिर लोकार्पण के बाद से यह सिलसिला अनवरत जारी है। यहां प्रतिदिन लघु भारत के भी दर्शन होते हैं। भाषा अलग है। लेकिन श्रद्धा भाव समान है। भीषण गर्मी में भी किसी का उत्साह कम नहीं है। अयोध्या की सड़कें, मंदिर सभी जगह श्रीराम की जय जयकार गूंजती रहती है। एक-दूसरे की जो भाषा भी जो नहीं समझते वह भी जय श्रीराम से परस्पर अभिवादन करते है। श्रीराम लला के दर्शन कर लोग भावविह्वल होते है। दर्शनार्थियों के इस हुजूम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी शामिल हैं। उन्होंने श्रीराम लला के दर्शन किए। मत्था टेका। अयोध्या का पड़ोसी जिला बहराइच आरिफ मोहम्मद खान का चुनावी क्षेत्र रहा है। आरिफ मोहम्मद खान ने न केवल रामलला को जीभर के निहारा बल्कि उन्होंने रामलला के दरबार में उन्हें लेटकर प्रणाम किया और उनके प्रति अपनी भावना समर्पित की।

उन्होंने सामाजिक सौहार्द का एक बड़ा संदेश दिया। आरिफ मोहम्मद अपने राष्ट्रवादी विचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। वह उर्दू, फारसी, हिंदी संस्कृत आदि अनेक भाषाओं के जानकर हैं। बहुत अध्ययनशील हैं। अपने संबोधन में वह वेद पुराण उपनिषदों का उद्धहरण देते हैं। भारतीय संस्कृति की महत्ता का प्रतिपादन करते हैं। कहते हैं कि यह भारत है जिसने ज्ञान और उसके प्रसार का मानवीय चिंतन दुनिया को दिया। सूर्य सिद्धांत यूरोपीय पुनर्ज़ागरण का आधार है। नौवीं शताब्दी में भारतीय सूर्य सिद्धांत ग्रंथ को लेकर भारतीय मनीषी अरब गए थे। बगदाद के सुल्तान ने उसका अनुवाद कराया। इसके बाद यह ग्रंथ स्पेन के राजा ने मंगवाया। उसका अनुवाद वहां हुआ। युरोपीय पुनर्ज़ागरण इसी भारतीय सिद्धांत पर आधारित है।

उपनिषद कहते हैं ज्ञान प्राप्त करो फिर उसको साझा करो। कपिल मुनि ने ज्ञान प्राप्त किया। फिर उसे अपनी मां को सुनाया। यह प्रसार की ही ललक थी। भारतीय चिंतन में सेवा सहायता पूजा की भांति है। इसमें भेदभाव नहीं है। इस भारतीय विरासत पर अमल तय हो जाए तो सभी कार्य अपने आप होते चलेंगे। भारतीय ज्ञान का सारांश गीता में है। भारत में ज्ञान की पूजा हुई। इस मार्ग से भटके तभी भारत परतंत्र हुआ। ज्ञान का प्रसार बंद कर दिया। इसलिए गुलाम हुए। जो ज्ञान को साझा नहीं करता वह सरस्वती का उपासक नहीं खलनायक होता है। महामना मालवीय ने इसी चेतना का जागरण किया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इसका एक निमित्त या पड़ाव मात्र है। भारतीय संस्कृति का जागरण हो रहा है। ज्ञान की तरह पवित्र करने वाला कुछ नहीं है। ब्रह्मचारी वह है जो विद्यार्थी है। जिसमें जिज्ञासा है। विज्ञान का महत्व है। विज्ञान प्रकृति पर नियन्त्रण का प्रयास करता है। ज्ञान ब्रह्म की ओर ले जाता है। एकता का आधार आत्मा है। मनुष्य ही नहीं जीव-जन्तु सभी में आत्मा है। इसलिए भेदभाव नहीं होना चहिए।

आरिफ मोहमद जनवरी में मणिराम दास छावनी में हुए अयोध्या उत्सव में सहभागी हुए थे। उसमें उन्होंने कहा था कि राम मंदिर के निर्माण से पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। उस खुशी में हिस्सा लेने के लिए आया हूं। श्रीराम का जीवन हमें सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भक्ति आंदोलन की शुरुआत दक्षिण में उत्तर भारत से काफी पहले हो गई थी। आंदोलन में श्रीराम को अवतार के रूप में देखा गया है। सबमें राम सबके राम यह वास्तविकता नजर आती है।

आरिफ मोहम्मद खान की भगवान राम पर आस्था किसी से छुपी नहीं है। वह अकसर कहते हैं कि आज भी अगर आप ग्रामीण इलाकों में चले जाएं तो लोग एक दूसरे से राम-राम करते हैं। यहां तक कि जब झगड़ा हो जाता है तो लोग कहते हैं कि राम-राम करो, झगड़ा मत करो। ऐसा कोई नहीं है जिसके दिल में राम न हों। मुसलमान के दिल में भी राम हैं। हम ऐसे देश में रहते हैं जहां कि संस्कृति ये नहीं कहती है कि हम दूसरों पर हमला करें। भगवान राम भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि हैं। राम के व्यक्तित्व की विशेषता यह है कि वह हर युग के महानायक हैं। प्रभु राम समावेशी समाज, सामाजिक समरसता और एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। रामकथा की लोकप्रियता भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# होली पर 4 मार्च को सुबह 6 से रात 10 बजे तक मजिस्ट्रेट तैनात

- 96 मस्जिदों को तिरपाल से ढका
- बड़े लाट साहब के जुलूस को लेकर प्रशासन अलर्ट



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी शाहजहांपुर द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार 4 मार्च को निकलने वाले बड़े लाट साहब के जुलूस के दौरान सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक विभिन्न स्थानों पर जोनल, सेक्टर, उप-सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। प्रशासन ने जुलूस मार्ग को कई जोन और सेक्टरों में विभाजित किया है। खिरनीबाग, सदर बाजार, बक्सरिया मंदिर, पटी गली, बहादुरगंज, कच्चा कटरा, सुनहरी मस्जिद, सरोदी बंगला समेत पूरे रूट पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जुलूस के आगे, बीच और पीछे अलग-अलग मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे ताकि किसी भी स्थिति में तत्काल निर्णय लिया जा सके। जुलूस मार्ग पर आने वाली 96 मस्जिदों को तिरपाल से ढका गया है। होली के दिन सभी तैनात मजिस्ट्रेटों को सुबह 6 बजे अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर कंट्रोल रूम के नंबर 05842-351038, 351037 और 462754 पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी और अपनी लोकेशन व्हाट्सएप पर भेजनी होगी। कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) राशिद अली खां को सौंपी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जुलूस समाप्त होने के बाद भी रात 10 बजे तक अपने स्थान पर डटे रहें और कुशलता की सूचना देने के बाद ही ड्यूटी छोड़ें। प्रशासन ने 25 फरवरी को पुलिस लाइन सभागार में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक, 27 फरवरी को फ्लैग मार्च तथा फुल ड्रेस रिहर्सल का कार्यक्रम भी तय किया है। बाहरी पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की ब्रीफिंग भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस दौरान रमजान का महीना भी रहेगा, इसलिए सभी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी विषम स्थिति में तुरंत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और त्योहार को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में दो पुस्तकों का हुआ विमोचन



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** राजकीय डिग्री कॉलेज पिहानी में 21 व 22 फरवरी को विकसित भारत एट द रेट 2047 समावेशी विकास, सततता और वैश्विक नेतृत्व की राहें विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों ने विकसित भारत के विजन पर अपने विचार रखे। सेमिनार की मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक शशि कपूर रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूटान से प्रोफेसर प्राण कुमार कौल, नेपाल से प्रोफेसर संजीव बाबू व गणेश पोडियल तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के डॉ. सौरभ वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांधी फैज-ए-आम महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत मनीषी द्वारा संपादित दो पुस्तकों रिसेंट ट्रेंड्स इन कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी एंड ग्लोबल डेवलपमेंट एआई एट द कोर का मंचासीन अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। इन पुस्तकों के संपादन कार्य में राजनीतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रईस अहमद, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गगन कुमार तथा गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज लतीफगर, सरोजिनी नगर लखनऊ की अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉ. सविता का सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने संपादित पुस्तकों के प्रकाशन पर सभी को बधाई दी और ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की धीमी प्रगति वाले ब्लॉकों को 3 दिन में सुधार के निर्देश

**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे आईडीए अभियान की दूसरी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईडीए अभियान के अंतर्गत आने वाले 12 विकासखंडों और नगर क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान जिन ब्लॉकों की प्रगति लक्ष्य के मुकाबले कम पाई गई, उन पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। सबसे कम प्रगति वाले ब्लॉकों को तीन दिन के भीतर अपनी स्थिति में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी 12 ब्लॉकों के एमओआईसी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि घर-घर पहुंचकर अधिक से अधिक लोगों को दवा खिलाई जाए, ताकि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान अपने लक्ष्य को समय से पूरा कर सके।

# शंकराचार्य प्रकरण पर कांग्रेस का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शंकराचार्य प्रकरण को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपकर दर्ज एफआईआर तत्काल वापस लेने की मांग की। इससे पहले कांग्रेसजन राजीव भवन टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुए, जहां बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार सही बात सुनना नहीं चाहती और जो लोग उचित सुझाव देते हैं, उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से कहा कि अब शंकराचार्य से उनकी उपाधि और हिंदू होने का प्रमाणपत्र मांगा जा रहा है। इस पर मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि हिंदू होने के लिए किसी प्रकार के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि शंकराचार्य और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत सभी को धार्मिक स्वतंत्रता और अपने धार्मिक कार्यों के संचालन का अधिकार है। ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए, एफआईआर की परिस्थितियों की उच्चस्तरीय समीक्षा हो तथा दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में धार्मिक गुरुओं और श्रद्धालुओं के साथ ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, अनस इकबाल, पार्षद अब्दुल सत्तार लाले, फुरकान अहमद कुरैशी, बी.एन. सिंह यादव, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, अदीब अहमद, अरुणोद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फॉर्म-6 भरते समय बरतें सावधानी, सही जानकारी से ही बनेगा त्रुटिरहित वोटर आईडी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत नए मतदाताओं से अपील की है कि फॉर्म-6 भरते समय सभी जानकारियां सावधानीपूर्वक और शुद्ध रूप से दर्ज करें। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र के साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है तथा आवेदक को अपना नाम, संबंधी का नाम पूरा वर्तमान पता, सही पिनकोड, स्पष्ट रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो और वर्तमान मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज करना चाहिए। अक्सर यह देखा गया है कि धुंधली या मानकों के अनुरूप न होने वाली फोटो, अधूरा पता या गलत पिनकोड दर्ज करने से मतदाता फोटो पहचान पत्र बनने और उसके घर तक पहुंचने में देरी होती है, जिससे मतदान के समय असुविधा हो सकती है।

उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 को पोर्टल या ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भरा जा सकता है अथवा बूथ लेवल अधिकारी को भी जमा किया जा सकता है। फोटो जेपीजी फॉर्मेट में अधिकतम 2 एमबी आकार की, स्पष्ट, हल्के बैकग्राउंड वाली तथा चेहरे का 75 प्रतिशत हिस्सा दिखाने वाली होनी चाहिए। नाम हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सही-सही भरना जरूरी है, अन्यथा स्वचालित अनुवाद से वर्तनी की त्रुटि हो सकती है। निवास प्रमाण के रूप में पानी, बिजली या गैस बिल, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट, भूमि अभिलेख, किराया या विक्रय विलेख की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल नंबर दर्ज करने से आवेदक अपने आवेदन की स्थिति ट्रैक कर सकता है और ई-इपिक आसानी से डाउनलोड कर सकता है। यदि पहले से बने मतदाता पहचान पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसके सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि नए मतदाता बनने या संशोधन कराने के समय सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## 59.92 लाख रुपये से जीर्णोद्धार छात्रावास का लोकार्पण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, खिरनीबाग के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने शिलापट का अनावरण कर किया। छात्रावास के सुधार कार्य पर कुल 59.92 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। लोकार्पण के बाद मंत्री ने छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और सुविधाओं की जानकारी ली तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने सीएसआर फंड से बनी नई लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया। लाइब्रेरी में कंप्यूटर, पुस्तकें और ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

मंत्री ने कहा कि बेहतर सुविधाएं मिलने से छात्राओं को पढ़ाई का अच्छा माहौल मिलेगा और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, सीडीओ अपराजिता सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह के बने सदस्य

**शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया को भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन ओम बिरला द्वारा किया गया। भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह का उद्देश्य दोनों देशों की संसदों के बीच सहयोग बढ़ाना और आपसी संबंधों को मजबूत करना है। इस समूह के जरिए भारत और श्रीलंका के बीच विधायी, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। मनोनीयन की सूचना मिलते ही सांसद के समर्थकों और क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि उनकी सरल छवि और अनुभव का लाभ भारत-श्रीलंका संबंधों को और मजबूत बनाने में मिलेगा। इस अवसर पर सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



## रमजान अवकाश के बावजूद खुले मिल रहे मदरसे

**शाहजहांपुर।** प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा रमजान के दौरान 16 फरवरी से 20 मार्च तक वार्षिक अवकाश घोषित किया गया है। परिषद के आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस अवधि में सभी मान्यता प्राप्त मदरसे पूरी तरह बंद रहेंगे और कोई शैक्षणिक गतिविधि नहीं होगी। इसके बावजूद जनपद में कई मान्यता प्राप्त मदरसे खुले होने की शिकायतें सामने आई हैं। नगर क्षेत्र के साथ-साथ तिलहर, कटरा, जलालाबाद, कांट, सिंधौली और पुवायां में भी अवकाश अवधि में मदरसे संचालित किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ मदरसा प्रबंधक परिषद के आदेश की अनदेखी कर नियमित रूप से कक्षाएं चला रहे हैं। मामले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि परिषद द्वारा अवकाश सूची जारी की जा चुकी है, जिसमें रमजान के दौरान छुट्टी घोषित है। यदि कोई मदरसा वार्षिक अवकाश में संचालित पाया जाता है तो यह परिषद के आदेश का उल्लंघन होगा। उन्होंने कहा कि शिकायतों की जांच कर रिपोर्ट परिषद को भेजी जाएगी। प्रशासन की जांच के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## नो-मैपिंग कार्य में लापरवाही पर दो शिक्षामित्रों को सेवा समाप्ति नोटिस के निर्देश

**शाहजहांपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत नो-मैपिंग कार्य में लापरवाही सामने आने पर जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में 136-विधानसभा ददरौल क्षेत्र के ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजरों और संबंधित कर्मचारियों के साथ नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई और प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कार्य की अपेक्षित प्रगति न होने और लापरवाही पाए जाने पर विकासखंड भावलखेड़ा की शिक्षा मित्र मनोज कुमारी और पातीराम के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को दोनों शिक्षा मित्रों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरी की जाए और सभी संबंधित कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आग लगने से भारी नुकसान, मवेशी की मौत

**मिजार्पुर।** क्षेत्र के अतरी निजामपुर में बीते दिवस अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे गुड्डू के पशु बाड़े में अचानक लगी आग से पड़ोसी इश्तियाक की एक भैंस सहित सात छप्परदार घर जलकर राख हो गए। जिससे सातों घरों में रहने वालों की हजारों रुपए मूल्य की गृहस्थी जल गई। अग्नि दुर्घटना की सूचना पर मिजार्पुर पशु चिकत्साधिकारी डॉ0 सहदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर अन्य आग से जख्मी पशुओं की इलाज किया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्रपाल ने अग्नि पीड़ितों के घरों में हुए नुकसान का आंकलन किया।अग्निपीडित कासिम अली ने बताया कि अपराह्न दिन के करीब साढ़े तीन बजे गुड्डू के छप्परदार पशु बाड़े में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने जबतक आग बुझाने का प्रयास किया,तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर पड़ोसी आजाद,इकरार, कमरूद्दीन,मुश्ताक व कासिम अली के भी छप्परदार घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

# पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

- संग्रहालय और शहीद पार्क का लिया अनुभव

**जागरण मोर्चा कार्यालय**




**शाहजहांपुर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक ट्यूनिंग एवं एक्सपोजर विजिट के तहत बुधवार को बस द्वारा शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को किताबों के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान और इतिहास से भी जोड़ना था। सबसे पहले बच्चों को रेयान इंटरनेशनल स्कूल ले जाया गया। वहां फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक प्रयोग दिखाए गए। शिक्षकों ने आसान तरीके से बच्चों को प्रयोगों की जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। इसके बाद बच्चों को संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जहां स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े शहीदों और महापुरुषों के जीवन के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान के बारे में जानकर गर्व महसूस किया। भ्रमण के अगले चरण में बच्चों को टाउन हॉल स्थित शहीद पार्क ले जाया गया। वहां बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और पार्क में चलने वाली ट्रेन की सवारी भी की। भोजन और जलपान की समुचित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को सुरक्षित वापस विद्यालय लाया गया। भ्रमण के दौरान प्रधानाध्यापक देवेश बाजपेई, सल्तनत नावेद, देशराज, सचिन तिवारी और रुबी मिश्रा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। इस शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में वैज्ञानिक सोच, ऐतिहासिक जागरूकता और आत्मविश्वास का विकास हुआ। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की है।

# अनियंत्रित डीसीएम ने दो बैलगाड़ियों में मारी टक्कर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चीनीमिल में गन्ना तौल कराकर गांव वापस जा रही दो बैल गाड़ियों में हाइवे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तर डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक व एक बैल की मौके पर मौत हो गई । जबकि दो किसान व एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो घायल किसानों को सीएचसी भिजवाया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी के अमित सिंह 29, जसवीर सिंह एवं हरवीर सिंह दो बैलगाड़ी से मंगलवार को चीनीमिल में गन्ना लेकर गए थे। रात करीब डेढ़ बजे गन्ना तुलबाकर गांव वापस जा रहे थे। एक बैलगाड़ी पर अमित सिंह था तथा दूसरी बैलगाड़ी पर जसबीर और हरवीर बैठे थे। इसी दौरान हाईवे तिराहे के कुछ आगे तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर डीसीएम ने सड़क के नीचे मिट्टी पटरी पर चल रही दोनों बैलगाड़ियों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बैलगाड़ियों के परखच्चे उड़ गए । मौके पर ही अमित सिंह एवं एक बैल की दर्दनाक मौत मौत हो गई। जबकि जसबीर और हरवीर गम्भीर घायल हो गए। एक बैल भी मरणासन्न हो गया ।

इसी दौरान बैलगाड़ी का ढांचा डीसीएम में फस जाने के चलते चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया यहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमित की मौत पर उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत वृद्धि पर डीएम सख्त,हेलमेट चेकिंग के निर्देश



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनवरी 2026 में जनवरी 2025 की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत और मृत्यु की संख्या में 2.77 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि अधिकांश मौतें दोपहिया वाहनों से जुड़ी दुर्घटनाओं में हुईं, जिनमें हेलमेट न पहनना प्रमुख कारण रहा। जिलाधिकारी ने पुलिस और परिवहन विभाग को बिना हेलमेट चलने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अटसलिया फाटक को दुर्घटना संभावित क्षेत्र मानते हुए उसके चैड़ीकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। नगर निगम को भी निर्देशित किया गया कि मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण न होने दिया जाए, ताकि यातायात सुचारु और सुरक्षित बना रहे। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# अपने गुरु जैसा बनना हो जीवन का मुख्य उद्देश्यः दाजी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल ह्यदाजीह्न के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव के चैथे चरण का आज शुभारंभ हुआ। प्रातःकाल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देशद्दविदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित हो उठा, मानो प्रकृति स्वयं इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की साक्षी बन गई हो। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य अपने गुरु जैसा बनना होना चाहिए। ज्यादातर हम सांसारिक जीवन में फंसकर अपनी इच्छाओं के गुलाम बन जाते हैं।हर व्यक्ति को अपने जीवन में सबकुछ चाहिए।जिस कारण हम कुछ भी नहीं हासिल कर पाते और एक बंटा हुआ जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा जीवन जिएं इसमें कोई बुराई नहीं लेकिन इसके लिए सनकी बनना गलत है। जीवन में हर बात पर संशय करना एक दूसरे से ईर्ष्या करना ठीक नहीं।पति अगर किसी महिला से बात करले या पत्नी किसी पुरुष से मिले तो घर में कलह शुरू हो जाती है यहां तक की तलाक और हत्या तक हो जाती है जो समाज के लिए घातक है।दाजी ने कहा कि हम मंगल ग्रह शनि ग्रह से तो डरते हैं लेकिन अपने दिल में पूर्वाग्रह,हठग्रह पाले रहते हैं जो नुकसानदेह है। जीवन को प्रेम से जिएं तभी आपका जीवन सार्थक होगा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। इस मौके पर दाजी के संदेशों की एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, सुयश सिन्हा, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह,दीपक कुमार,खुशी, नीलम सेठ, मनोहरी, जिज्ञासु, एस के शर्मा, कृष्णा भारद्वाज,कर्णिका सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नगर में श्री खाटूश्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली

● जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं के साथ किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



शोभायात्रा में शामिल भक्त

**बिलासपुर।** नगर में श्री खाटूश्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। आतिशबाजी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहीं, जबकि बैंड बाजे की धुनों पर भक्तिभाव से श्रद्धालु भजन कीर्तन करते नजर आएं।

श्री श्याम सेवा मित्र मंडल के तत्वाधान में छठा दो दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के पहले दिन नगर में निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा मुहल्ला मंडी से प्रारंभ होकर माटखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा, रामपुर-नैनीताल हाईवे, पोस्ट आफिस रोड से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा में रूप से सजाया गए वाहन में श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा को विराजमान किया गया। उसके पीछे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। इसके अलावा महिला-पुरुष व बच्चे भजन गाते, जयकारे लगाते और नृत्य करते चल रहे थे। साथ ही उत्साही युवकों ने जगह-जगह आतिशबाजी छोड़ी। निशान यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसी बीच समिति के सदस्य सुरेश कुमार कंसल, मनोज जैन आदि ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव मनाया जा रहा है। बताया कि गुरुवार की रात को मुहल्ला शिवबाग मंडी में विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां व व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। जागरण में इंदौर से अनुष्का-अधिष्ठा, ग्वालियर से मनोज शर्मा और आगरा से राजू बावरा बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इससे पहले श्याम प्रेमियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मनोज जैन, अजय कंसल, सुरेश कंसल, रामफल अग्रवाल, राजेश जैन, विकास जैन, रवि गोयल, मुकेश जिंदल, मनोज कंसल, श्वेता बंसल, रेखा बंसल, ममता बंसल, संध्या गोयल, श्वेता जैन, रिंकी जैन, कमलेश अग्रवाल, कविता कंसल, सुनीता, अश्वनी अग्रवाल, ललित अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग समेत आदि मौजूद रहे।

# जनरल फिजीशियन की सेवाएं तीन मार्च तक सीमित




जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के जनरल सर्जन के बाद फिजिशियन की सेवाएं तीन मार्च ही सीमित है। इसके बाद फिजीशियन की कुर्सी खाली हो जाएगी। ऐसी स्थिति में दो माह के अंदर अस्पताल में सर्जन दो समेत चिकित्सक कम हो जाएंगे।

जिला अस्पताल में स्वीकृत 30 चिकित्सकों के पदों के सापेक्ष वर्तमान समय में सिर्फ 10 चिकित्सक ही तैनात है। पिछले दिनों यहां पर जनरल सर्जन की कार्यावधि पूर्ण हो जाने पर उनको यहां से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर अभी तक सर्जन नहीं आए है। अस्पताल में हर महीने करीब 30 से 35 आपरेशन होते थे। लेकिन अब यह पूरी तरह से ठप हो गए है। वहीं दूसरी ओर तीन मार्च को अस्पताल में एक अन्य चिकित्सक की संविदा खत्म हो जाएगी। यहां पर जनरल फिजीशियन डॉ.हसीब अहमद की कार्यवधि पूरी हो रही है। ऐसे में तीन फिजीशियन ही मरीजों को देखेंगे। जिसमें डॉ.दशरथ सिंह, डॉ.डीके वर्मा, डॉ.राय शामिल है। मानसिक रोग विभाग में डॉ.अजमी नाज, डॉ.शम्मी कपूर, डा.पंकज गोस्वामी जोकि मरीजों को परामर्श दे रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि चिकित्सकों की कमी होने पर शासन को बताया जा रहा है। हर माह इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेजी जाती है।

## महिला हुई लापता तलाश जारी

**बिलासपुर।** एक बीस वर्षीय शिक्षिका पिछले दस दिनों से लापता है। परिजनों ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

लापता शिक्षिका नगर के मोहल्ला कायस्थान की निवासी है और मिलक खानम स्थित एक स्कूल में पढ़ाती है। परिजनों के अनुसार 16 फरवरी की सुबह 8 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने स्कूल से संपर्क किया।जहां प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षिका उस दिन स्कूल आई ही नहीं थी। शिक्षिका का मोबाइल भी बंद आ रहा था। घबराए परिजनों ने शिक्षिका को हर संभव स्थान पर तलाशा किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद शिक्षिका के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सभी थानों को सूचित कर दिया गया है और सर्विलांस की मदद से युवती का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।शीघ्र ही युवती को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## दो माह 17 दिन बाद दर्ज हुई सड़क हादसे की रिपोर्ट

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के करीब दो माह 17 दिन बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। हादसे में पिटरहाई गांव निवासी कल्लू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर की सुबह करीब 8 बजे कल्लू गुप्ता ई-रिक्शा से जैतीपुर आ रहे थे। मड़ोरा मोड़ के पास सामने से आ रही एक दूध गाड़ी ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पलट गया और कल्लू उसके नीचे दब गए। हादसे में उनकी बाईं कोहनी और हाथ कई जगह से टूट गया। घटना के बाद आसपास के लोगों और पुलिस की मदद से घायल कल्लू गुप्ता और ई-रिक्शा चालक को जैतीपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज हुआ। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद कल्लू गुप्ता ने जैतीपुर थाने में शिकायत दी। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच कल्लू गुप्ता ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को थाने बुलाने पर एक दरोगा ने उनके साथ गाली-गलौज की और धक्का देकर बाहर निकाल दिया। हालांकि संबंधित दरोगा ने आरोपों को गलत बताया है। घटना के समय इंस्पेक्टर थाने में मौजूद नहीं थे।

## भारत-नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह के अरुण सागर बने सदस्य

**शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर को केंद्र सरकार की ओर से एक अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें भारत-नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह का सदस्य बनाया गया है। इस खबर



के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। सांसद ने इस जिम्मेदारी के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाएंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के हितों को मजबूती से प्रस्तुत करेंगे। बताया जा रहा है कि संसदीय कूटनीति को मजबूत करने के उद्देश्य से यह मैत्री समूह बनाया गया है। इसमें विभिन्न दलों के सांसदों को शामिल किया गया है, ताकि भारत और नॉर्डिक देशों के बीच रिश्ते और मजबूत हो सकें। भारत-नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह का उद्देश्य डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देशों के साथ सहयोग बढ़ाना, विधायी अनुभव साझा करना और आपसी विश्वास को मजबूत करना है। सांसद अरुण सागर ने कहा कि यह पहल भारत की संसदीय कूटनीति को नई दिशा देने वाली है और वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

## प्लॉट को लेकर दो पक्ष आए आमने-सामने

**बिलासपुर।** मोहल्ला शांति कॉलोनी में एक प्लॉट को लेकर दो पक्षों में मालिकाना हक को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। लोगों राज्य मंत्री से मुलाकात विवाद के निस्तारण की मांग की। वहीं राज्यमंत्री के निर्देश पर तहसीलदार ने छह सदस्यीय राजस्व टीम गठित की गई है।

विवाद शांति कॉलोनी स्थित एक प्लॉट के मालिकाना हक से जुड़ा है। कॉलोनी निवासी बाल किशन चावला का दावा है कि उनके पास प्लॉट की रजिस्ट्री और अन्य दस्तावेज हैं। हालांकि, सदरी खेड़ा गांव के कुछ लोग इस पर अपना कब्जा बता रहे हैं। दूसरा पक्ष पंचायत के निर्णय को भी मानने को तैयार नहीं है। वहीं बाल किशन चावला नगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पहुंचे। उन्होंने राज्यमंत्री से इस मामले का जल्द निस्तारण कराने की मांग की। शिकायत सुनने के बाद राज्यमंत्री ने तत्काल अपने कैंप कार्यालय में तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, कानूनगो प्रेमपाल और लेखपाल यशपाल चौधरी को बुलाया। राज्यमंत्री ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे इस मामले की अतिशीघ्र निष्पक्ष जांच कराकर संतोषजनक कार्रवाई सुनिश्चित करें।राज्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में पालिका सभासद अमन वर्मा और राजू तनेजा, भाजपा जिला प्रतिनिधि चेतन पारुथी, भाजपा मंडल महामंत्री मधुबाला गुगलानी, संजय खुराना, राकेश पारुथी, बलविंदर चावला, सुदर्शन खुराना, हरि ग्रोवर सहित सौ से अधिक नागरिक शामिल थे। उधर, तहसीलदार शिव कुमार शर्मा ने बताया कि मौके पर जाकर मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय राजस्व टीम का गठन किया गया है। इस टीम में दो कानूनगो और चार लेखपाल शामिल हैं।

## खनन माफिया की गाड़ी में बैठकर चेकिंग का मामला

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा तहसील के तहसीलदार प्रवीण सिंह से जुड़ा एक वीडियो करीब एक माह पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह एक स्थानीय भाजपा नेता की स्कॉर्पियो में बैठकर खनन से जुड़े डंपरों की चेकिंग करते नजर आए थे। वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया। बताया जा रहा है कि जिस भाजपा नेता की गाड़ी में तहसीलदार सवार थे, उसका नाम पूर्व में अवैध खनन और खनन सामग्री के कथित अवैध परिवहन से जुड़ता रहा है। ऐसे में सवाल उठे कि तहसीलदार संबंधित कार्रवाई के तहत मौके पर गए थे या फिर पूरे घटनाक्रम में आचार संहिता और प्रशासनिक मयार्दाओं का उल्लंघन हुआ है।मामले के तूल पकड़ने के बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को भेज दी है और तहसीलदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति की है। सूत्रों के अनुसार प्रकरण की जांच उच्च स्तर पर विचाराधीन है।एसआईआर (स्टेट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) से जुड़े प्रावधानों के चलते फिलहाल तहसीलदार को उनके पद से हटाया नहीं गया है। हालांकि, उन्हें पद से हटाने के लिए आयोग से अनुमति मांगी गई है। प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई शासन के निदेर्शों के अनुसार की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दी तहरीर

**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद रामपुर के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर एक हिन्दू नेता पर सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा कि एक व्यक्ति कभी थाने में पहुंच कर वहां पर आग लगाने की बात करता है कभी एक ज़िम्मेदार अधिकारी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करता है उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने 19 जनवरी व 25 फरवरी को सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण के दौरान उनके खिलाफ सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया तथा भविष्य में देख लेने जैसी धमकी दी।

# स्टेट टीम ने मिलक क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

● सीएचसी मिलक और लोहापट्टी के आरोग्य मंदिर में पहुंची टीम

जागरण मोर्चा कार्यालय



मिलक सीएचसी में खड़े टीम में शामिल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

**रामपुर।** सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने के लिए शासन की एक टीम बुधवार को रामपुर पहुंची। टीम में तीन सदस्य शामिल रहे जिन्होंने मिलक क्षेत्र में सीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भ्रमण कर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की।

टीम में जेडी परिवार कल्याण डॉ. अमित सिंह के साथ तीन सदस्य थे। स्थानीय स्तर से एसीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश शामिल रहे। टीम दोपहर में करीब 12 बजे सीएचसी मिलक पर पहुंची। यहां पर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। इसके बाद चिकित्सा प्रभारी से दवा स्टोर, ओपीडी, इमरजेंसी और अभिलेख आदि की जांच पड़ताल की है। लोहा पट्टी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और पीएचसी धमोरा में भी जाकर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का पता किया। टीम को निरीक्षण के दौरान जो-जो कमियां मिलीं उनकी रिपोर्ट को आगे भेजा गया है। इससे पहले मंडलीय टीम ने जिले में दौरा किया था। उस दौरे में जो रिपोर्ट सामने आई थी, उसकी क्रास चेकिंग के लिए यह टीम आई थी। जिससे यह पता लगाया जा सके कि स्वास्थ्य सेवाओं में कहीं कोई कमी तो नहीं है। निरीक्षण के दौरान टीम को व्यवस्थाएं बेहतर मिली हैं।

# जिलाधिकारी ने न्यूरिया हुसैनपुर पहुंचकर मोती की खेती का किया उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत समूह की महिलाओं को मोती की खेती डीआरपी सुनील कुमर द्वारा प्रशिक्षण देकर वृहद स्तर पर करवाया जा रहा है। प्रथम चरण में ब्लॉक अमरिया के मिल सरैंदा पट्टी में किसान वीरपाल के यहां तालाब में मोती की खेती कराई जा चुकी है। द्वितीय चरण में छः किसानों को परमिला मिस्त्री, चमेली वाछड़, नीलिमा अग्रवाल, कश्मीर कौर कॉन्डेड जूलियन एवं मसूद हसन खान को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के समूह के अन्तर्गत मोती की खेती करवाई गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास एवं उपायुक्त स्वतः रोजगार वन्दना सिंह ने न्यूरिया हुसैनपुर जाकर किसानों के तालाब में मोती की खेती का उद्घाटन किया गया। पूरे प्रोजेक्ट को लगाने एवं निर्देशित करने का कार्य आनंद त्रिपाठी, निर्देशक मणि एग्रो हब लखनऊ एवं डॉ0 अयूब हुसैनी सीईओ ने किया। डॉ0 आयूब हुसैन एवं आनंद त्रिपाठी ने किसानों को मोती की खेती की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि 62 रुपए की एक सीप होती है। इसमें 02 मोती निकलते है। अगर 10000 सीप को किसी तालाब में डाला जाता तो लागत 6 लाख 20 हजार आती है। 12 से 18 महीने में उसके 20000 मोती पैदा होंगे। उसको मणि एग्रो हब 100 रुपए प्रत्येक मोती के हिसाब से खरीद लेंगे। कार्यक्रम का संचालन डीआरपी सुनील कुमार ने किया।

जिलाधिकारी ने सभी किसानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने किसानों से मोती की खेती करने की अपील की।जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत निर्मित बादल हलदर का प्रोजेक्ट, बायोफ्लॉक पोण्ड निर्माण एवं आशुतोष हलदर का प्रोजेक्ट लघु मत्स्य आहार मिल का भी निरीक्षण किया।

# प्रभारी मंत्री ने 42 दिव्यांगजनों को बांटे सहायक उपकरण



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने 42 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। उपकरण पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में 20 ट्राईसाइकिल, 17 व्हीलचेयर, 4 एमआर किट और 1 स्मार्ट केन वितरित की गई। मंत्री ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस मौके पर पुवायां विधायक चेतराम, कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह ह्यप्रिंसह्ल, ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग की छापेमारी, किराना व ट्रेडर्स से नमूने लेकर जांच को भेजे

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** होली पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने बिरियागंज, तिलहर रोड स्थित सोहन लाल किराना मर्चेंट से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल और बेसन का एक-एक नमूना जांच के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा। इसी क्रम में मीरानपुर रोड कटरा जलालाबाद स्थित गिरिराज ट्रेडर्स से हल्दी पाउडर और बूंदी का नमूना लिया गया। साथ ही करीब एक कुंतल बूंदी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12 हजार रुपये बताई गई है, को सीज कर दिया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मिलावट पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिके करुना निधि रोये

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने बांधा समां

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** श्री राम कथा के दूसरे दिन भक्तिमय माहौल में शिव-पार्वती विवाह और श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा का शुभारंभ हनुमान स्तुति और ह्लश्री राम जय राम जय जय रामह्व भजन से हुआ। कथा व्यास विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि जीवन में सच्ची श्रद्धा हो तो संत स्वयं आ जाते हैं, उन्हें बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती। कथा में शिव-पार्वती प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि देवर्षि नारद ने पार्वती को कठोर तप करने का मार्ग बताया था, जिसके बाद माता पार्वती ने तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। शिव की बारात का रोचक वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि अघोरी रूप में आए शिव को देखकर माता मैना और अन्य लोग घबरा गए थे, लेकिन बाद में माता पार्वती के अनुरोध पर भगवान शिव ने सुंदर रूप धारण किया और विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। इसके बाद श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाकर कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। उन्होंने बताया कि जैसे ही भगवान कृष्ण को सुदामा के आने की सूचना मिली, वे सिंहासन छोड़कर दौड़े चले आए। सुदामा की दीन दशा देखकर उनकी आंखों से आंसू बह निकले। भजन देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिके करुनानिधि रोएह्व सुनकर पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। दूसरे दिन कथा के मुख्य यजमान संजीव बंसल एवं कल्पना बंसल रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आर.के. आजाद व श्रीमती रश्मि आजाद ने भी पूजन-आरती की। ह्लहे राजा राम तेरी आरती उतारूँह्व की धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रसाद वितरण प्रो. अजीत सिंह चारग की ओर से किया गया। मंच पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सर्वेश्वरानंद एवं स्वामी गंगेश्वरानंद मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, एडवोकेट बृजेश पांडेय, डॉ. के.के. शुक्ला, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र सिंघल, श्री श्याम कटियार, श्री अशोक अग्रवाल मोती, प्रो. अवनीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## घरेलू कलह के चलते महिला ने खाया जहर

**बिलासपुर।** घरेलू विवाद के चलते युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी रियासत खां ने बताया कि उनका पुत्र बिलाल वेल्डिंग का काम करता है। उनके अनुसार पुत्र वह बात-बात पर घरवालों से झगड़ा करता है। बीते मंगलवार वह झगड़ा करके घर से कहीं चला गया और परिजनों के फोन रिसीव करना बंद कर दिए।शाम के समय उसके एक दोस्त ने फोन करके बात की। बताया कि बिलाल ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। बाद में परिजनों और दोस्तों ने अंबेडकर पार्क पहुंच गए और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन काफी देर तक हालत में सुधार नहीं हुआ।सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. एसके व्यास ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया।

# एफआईएच प्रो लीग: भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में 3-1 से हराया

एजेंसी



होबार्ट। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने नियमित समय में 1-1 की बराबरी के बाद शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से पराजित कर बोनस अंक हासिल किया और एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण का सकारात्मक समापन किया।

भारतीय टीम के लिए शिलानंद लाकड़ा (51वां मिनट) ने गोल किया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान जेरेमी हेवर्ड (49वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त दिलाई। शूटआउट में शिलानंद लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने अपने प्रयास सफलतापूर्वक पूरे किए। युवा गोलकीपर मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार ने तीन निर्णायक बचाव कर भारत को जीत दिलाई।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने मजबूती दिखाई और जवाबी आक्रमण किए। शुरुआती मिनटों में मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार ने दो महत्वपूर्ण बचाव किए। 11वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, पर अमनदीप लाकड़ा का ड्रैग फ्लिक पहले रक्षक से टकरा गया। इसके बाद अभिषेक का प्रयास मामूली अंतर से गोल से बाहर चला गया।

दूसरे क्वार्टर में भी मुकाबला बराबरी का रहा। 16वें मिनट में अभिषेक ने सर्कल के भीतर से पास दिया, लेकिन मनमीत सिंह का शॉट ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने रोक लिया। 25वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने शानदार बचाव किया।

तीसरे क्वार्टर में 38वें मिनट पर भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन अराइजीत सिंह हुंडाल का प्रयास विफल रहा। 42वें और 45वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। पहले मौके पर जोएल रिंटाला का ड्रैग फ्लिक पोस्ट से टकराया और मोहित शशिकुमार ने रेखा पर बेहतरीन बचाव किया।

अंतिम क्वार्टर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। भारत ने 51वें मिनट में जवाब दिया, जब हार्दिक सिंह के पास पर अभिषेक ने आगे बढ़ते हुए पूवन्ना चंदुरा बॉबी को गेंद सौंपी और उनके सटीक पास पर शिलानंद लाकड़ा ने मैदानी गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।

निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और मुकाबला शूटआउट में पहुंचा। शूटआउट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार के शानदार बचावों की बदौलत भारत ने बोनस अंक हासिल करते हुए होबार्ट चरण का सफल समापन किया।

# एनआरएआई ने अब तक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय जजेज प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आज अपना अब तक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय जजेज प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया। 21 फरवरी को शुरू हुए इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न भागों से 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो शैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन के नियमों, निशानेबाजी परिसर के संचालन, अंक निर्धारण प्रक्रिया तथा निष्पक्ष और नैतिक निर्णायक आचरण से संबंधित विषयों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रमाणित प्रशिक्षकों तथा अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ 'ए' श्रेणी के निर्णायक प्रमाणपत्र धारक धीरज कुमार सिंह और अरुण वारसी ने दिया।




कार्यक्रम में सैद्धांतिक कक्षाएं, व्यावहारिक अभ्यास और मूल्यांकन सम्मिलित रहे, जिससे प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक दायित्व निभाने के लिए तैयार किया जा सके। महासचिव पवन कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा, ह्लयह पहल भारतीय निशानेबाजी को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा दिलाने में सहायक होगी।

अगले माह मार्च में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ 'बी' श्रेणी के निर्णायक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण से चयनित प्रतिभागियों को उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके पश्चात वे अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्राप्त कर विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा सकेंगे।

इससे पहले जनवरी में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ अकादमी के सहयोग से 'बी' श्रेणी का प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था, जिसमें 55 प्रशिक्षक सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चैंपियंस लीग: बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को चौंकाया, पहली बार अंतिम-16 में प्रवेश

मिलान। नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने मंगलवार को सैन सिरो स्टेडियम में खेले गए प्लेऑफ के दूसरे चरण में पिछले सत्र के उपविजेता इंटर मिलान को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट ने कुल 5-2 के अंतर से मुकाबला अपने नाम करते हुए पहली बार चैंपियंस लीग के अंतिम-16 चरण में जगह बना ली। पहले चरण में बोडो में 3-1 की जीत से बढ़त बनाने वाली नॉर्वेजियन टीम ने दूसरे चरण में भी दबदबा बनाए रखा। मैच के 58वें मिनट में येन्स पेट्टर हाउगे ने गोलकीपर द्वारा रोके गए शॉट पर रिबाउंड को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके 14 मिनट बाद हाकॉन एवजेन ने सटीक दाएं पैर के शॉट से स्कोर 2-0 कर मुकाबला लगभग तय कर दिया।

आर्कटिक सर्कल क्षेत्र से आने वाली इस टीम की इस सत्र में परीकथा जैसी यात्रा रही है। लीग चरण के अंतिम दो मुकाबलों में मैनचेस्टर सिटी और एटलेटिको मैड्रिड पर शानदार जीत दर्ज कर टीम प्लेऑफ में पहुंची थी। इंटर के खिलाफ पहले चरण की जीत के बाद बोडो/ग्लिम्ट ने लगातार तीसरी जीत हासिल की और वही शुरुआती एकादश दूसरे चरण में भी उतारी।

इंटर मिलान ने आक्रामक शुरुआत की। पियो एस्पोसिटो ने शुरुआती मिनटों में हेडर से मौका बनाया, जबकि 15वें मिनट में मार्कस थुराम का कर्व शॉट गोल के करीब से बाहर गया। घरेलू टीम ने पहले हाफ में लगातार दबाव बनाया, लेकिन मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ में भी इंटर ने दबाव बनाए रखा। हैंडबॉल की अपील पर रेफरी ने पेनल्टी नहीं दी और वीडियो सहायक रेफरी ने भी निर्णय बरकरार रखा। 58वें मिनट में ओले डिड्रिक ब्लोमबर्ग ने इंटर के क्षेत्र में ढीली पास पर कब्जा जमाया और गोल की ओर बढ़े। यान सोमर ने उनका शॉट रोक दिया, लेकिन हाउगे ने तेजी दिखाते हुए रिबाउंड को गोल में बदल दिया। 72वें मिनट में एवजेन ने सटीक शॉट लगाकर परिणाम लगभग तय कर दिया। 77वें मिनट में एलेस्सांद्रो बास्तोनी ने इंटर के लिए एक गोल जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट चैंपियंस लीग के नॉकआउट दौर से आगे बढ़ने वाला पहला नॉर्वेजियन क्लब बन गया और उसने यूरोपीय फुटबॉल में नया इतिहास रच दिया।

### यौन उत्पीड़न के आरोपों से हिली इटली की क्रिकेट, महिला समन्वयक निलंबित

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक पदार्पण के कुछ ही दिनों बाद इटली क्रिकेट में उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब महिला टीम की एक खिलाड़ी ने महिला क्रिकेट समन्वयक प्रभात एकनेलिगोड़ा पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए। इन आरोपों के बाद इटली क्रिकेट बोर्ड फ़ेडेराज़ियोने क्रिकेट इटालियाना (एफसीआरआई) ने प्रभात एकनेलिगोड़ा को निलंबित कर दिया है।

एफसीआरआई द्वारा मंगलवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन आरोपों की जांच संघीय अभियोजक कार्यालय द्वारा की जा रही है। बयान के अनुसार, वर्ष 2025 के दौरान महासंघ की अध्यक्ष ने अपने संस्थागत दायित्वों के तहत संबंधित अधिकारी को सभी संघीय जिम्मेदारियों और गतिविधियों से तत्काल प्रभाव से एहतियातन निलंबित करने का आदेश दिया।

बयान में कहा गया, यह निर्णय परिस्थितियों की विस्तृत और अंतिम समीक्षा तक एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की अटकलों को रोकना, खेल वातावरण की गरिमा बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि तथ्यों की जांच उचित मंच पर व्यक्तिगत सम्मान, विधिक प्रक्रिया और निर्दोषता की धारणा के साथ हो। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभात एकनेलिगोड़ा के वकील ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि इन आरोपों के पीछे ह्लअन्य उद्देश्यङ्क हो सकते हैं। बोर्ड के मीडिया प्रबंधक रकबीर हसन ने पुष्टि की कि टी-20 विश्व कप के दौरान प्रभात एकनेलिगोड़ा, बोर्ड अध्यक्ष मारिया लोरेना हाज़ पाज़ के साथ भारत और श्रीलंका की यात्रा पर गए थे, हालांकि उनके पास कोई आधिकारिक जिम्मेदारी नहीं थी। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि संघीय अभियोजक कार्यालय के समक्ष कार्यवाही जारी है और खेल नियमों के तहत आवश्यक जांच और मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है।

### इस्पात क्षेत्र के दिग्गज जतिंदर मेहरा का 86 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। देश के इस्पात और धातु उद्योग के जतिंदर मेहरा का 24 फरवरी को निधन हो गया। वह 86 साल के थे। वह भारत के इस्पात उद्योग के सम्मानित दिग्गज थे, जिनकी दूरदृष्टि ने एस्सार समूह की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दिशा दी। एस्सार समूह ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, ''एस्सार परिवार, जतिंदर मेहरा जी के निधन से बेहद दुखी है। मेहरा एस्सार समूह के धातु एवं खनन प्रभाग में वाइस चेयरमैन के पद पर कार्यरत थे, जहां उन्होंने समूह के धातु एवं खनन व्यवसायों को रणनीतिक दिशा प्रदान की। समूह ने कहा कि मेहरा ने कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया, विचारों को मूर्त रूप दिया। उन्होंने अपनी स्पष्ट सोच, प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व से दलों को प्रेरित किया।

कंपनी ने बताया कि एस्सार समूह में अपने कार्यकाल के दौरान मेहरा ने हजीरा में इस्पात उत्पादन क्षमता के विस्तार और ओडिशा में प्रस्तावित पारादीप इस्पात संयंत्र सहित एकीकृत इस्पात परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व ने वैश्विक इस्पात क्षेत्र में समूह की उपस्थिति मजबूत करने में योगदान दिया। एस्सार से पहले मेहरा ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योग में कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया। वह स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में कार्यकारी निदेशक रहे और बाद में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में भी सेवाएं दीं।

# एजी हरियाणा ने एजी हिमाचल को हराकर चैम्पियनशिप पर किया कब्जा

एजेंसी




प्रयागराज। एजीयूपी की पारसा नकवी और नेहा वर्मा की जोड़ी ने उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला युगल के फाइनल में जगह बना ली। वहीं पीएजी ऑडिट हरियाणा ने एजी हिमाचल को 3-0 से हराकर टीम चैम्पियनशिप के खिताब पर कब्जा जमा लिया।

प्रतियोगिता के समन्वयक कल्याण अधिकारी लोकेश त्रिपाठी के अनुसार अमिताभ बच्चन क्रीड़ा संकुल (मेयोहाल) में बुधवार को खेले गए महिला युगल के पहले सेमीफाइनल में पारसा नकवी और नेहा वर्मा (एजीयूपी) की जोड़ी ने दमन प्रीत कौर (पंजाब) और सरुनी शर्मा (पीएजी उत्तराखंड) की जोड़ी को 21-15, 18-21, 21-19 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कीर्ति चतुर्वेदी (दिल्ली ऑडिट) व नजमा खान (हरियाणा) की जोड़ी ने आशा गौर (यूपी) व ज्योति रावत (पंजाब) को 21-16, 21-10 से हराया।

पुरुष टीम चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में प्रथम एकल में रवि ने कार्तिक जिंदल को 21-8, 21-15 से, द्वितीय एकल में गुरबख्श ने विजय धोतिया को 21-11, 21-19 से और युगल में सुमित शर्मा व आनंद तिवारी की जोड़ी ने विजय धोतिया व उदय राजन की जोड़ी को 21-11, 21-8 से पराजित कर टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीता। मिश्रित युगल के पहले सेमीफाइनल में कशिश (पंजाब) व नीला वी (हरियाणा) की जोड़ी ने सुमित शर्मा (हरियाणा) व पारसा नकवी (यूपी) को 21-19, 30-29 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में तुषार शर्मा और नमिता पठानिया (दिल्ली ऑडिट) ने अजय यादव और नेहा वर्मा (एजीयूपी) को 21-12, 19-21, 21-10 से हराया। पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में ऋषि राय व अजय यादव (यूपी) की जोड़ी ने दातुल चौहान व कार्तिक जिंदल (हिमाचल) को 21-14, 21-17 से, गौरव देशवाल व तुषार शर्मा (दिल्ली ऑडिट) ने संदीप व विक्रांत चावत (उत्तराखंड) को 21-9, 21-18 से, कशिश (पंजाब) व आनंद तिवारी (हरियाणा) ने तुषार व गुरबख्श सिंह (हरियाणा) को 26-24, 15-21, 21-13 से, रवि हरियाणा व हिमांशु सरोहा (दिल्ली ऑडिट) ने साहिल कटारिया व रविजोत सिंह पंजाब को 21-17, 21-15 से हराया। इसके अलावा पुरुष एकल में अंकित पटेल (यूपी) ने तुषार (हरियाणा) को 21-12, 21-11 से और ऋषि राय (यूपी) ने लोकेश (जम्मू कश्मीर) को 21-14, 21-15 से पराजित किया।

### जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में पहुंची आकर्षी कश्यप

नई दिल्ली। भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज आकर्षी कश्यप ने क्वालीफायर मुकाबले में चीनी ताइपे की ली यू-ह्सुआन को 21-10, 21-15 से एकतरफा अंदाज में हराया। मुकाबला पूरी तरह आकर्षी के नियंत्रण में रहा। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना एक अन्य चीनी ताइपे खिलाड़ी हुआंग यू-ह्सुन से होगा। इस 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में भारत के दिग्गज शटलर किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी भाग ले रहे हैं। मुकाबले की शुरुआत ली यू-ह्सुआन ने सकारात्मक अंदाज में की, लेकिन 4-4 की बराबरी के बाद आकर्षी कश्यप ने लगातार अंक जुटाते हुए 9-4 और फिर 16-8 की बढ़त बना ली। उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

# वैमानिका एयरोस्पेस डीलरशिप ऑफर पैठण के नव्नाथ हजारे को मिली फ्री बाइक

एजेंसी




पैठण (महाराष्ट्र)। एग्रीकल्चर ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी वैमानिका एयरोस्पेस ने हाल ही में अपने किसान ड्रोन डीलरशिप प्रोग्राम के तहत एक आकर्षक और सीमित समय के लिए विशेष ऑफर लॉन्च किया था। इस ऑफर के अंतर्गत पात्र डीलर्स को फ्री बाइक प्रदान की जानी थी। इसी ऑफर के तहत महाराष्ट्र के पैठण निवासी नव्नाथ हजारे जी ने डीलरशिप प्रोग्राम में पंजीकरण कराया और कंपनी के अधिकृत डीलर बने। कंपनी की ओर से उन्हें डीलरशिप प्रमाणपत्र के साथ फ्री बाइक प्रदान की गई। यह बाइक कंपनी के Strategic Partnership Manager श्री नबील हाशमी जी के माध्यम से औपचारिक रूप से सौंपी गई। नव्नाथ हजारे जी की फर्म ह्लमौली हाईटेकङ्क अब पैठण और आसपास के क्षेत्रों में वैमानिका एयरोस्पेस के किसान ड्रोन की अधिकृत डीलर के रूप में कार्य करेगी। यह पहल क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

#### किसानों के लिए नई उम्मीद

वैमानिका एयरोस्पेस का उद्देश्य आधुनिक ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेती को अधिक प्रभावी, किफायती और सुरक्षित बनाना है। कंपनी के किसान ड्रोन स्प्रेइंग और फसल मॉनिटरिंग जैसे कार्यों में किसानों की मदद करते हैं, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

डीलरशिप प्रोग्राम के तहत कंपनी डीलर्स को तकनीकी प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट और डेमो प्रोग्राम की सुविधा भी उपलब्ध कराती है, ताकि वे अपने क्षेत्र में किसानों को ड्रोन तकनीक से जोड़ सकें।

इस अवसर पर कंपनी के Strategic Partnership Manager श्री नबील हाशमी जी ने कहा, वैमानिका एयरोस्पेस का उद्देश्य देश के प्रत्येक कृषि क्षेत्र तक आधुनिक ड्रोन तकनीक पहुंचाना है। हमारा डीलरशिप प्रोग्राम केवल व्यवसाय का विस्तार नहीं, बल्कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि पैठण क्षेत्र में मौली हाईटेक के माध्यम से ड्रोन टेक्नोलॉजी का व्यापक लाभ किसानों तक पहुंचेगा।ङ्क

#### नव्नाथ हजारे जी ने जताई खुशी

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए नव्नाथ हजारे जी ने कहा कि यह अवसर न केवल उनके व्यवसाय के लिए बल्कि क्षेत्र के किसानों के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मौली हाईटेक के माध्यम से पैठण क्षेत्र के किसान आधुनिक ड्रोन तकनीक अपनाकर अपनी खेती को नई दिशा देंगे।

#### कंपनी का विज़न

वैमानिका एयरोस्पेस का लक्ष्य देशभर में अपने डीलर नेटवर्क का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक ड्रोन टेक्नोलॉजी पहुंचाना है। कंपनी का मानना है कि किसान ड्रोन भविष्य की स्मार्ट खेती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों के भविष्य पर ईसीबी की सफाई

नई दिल्ली । पाकिस्तानी खिलाड़ियों को द हंड्रेड टूर्नामेंट की चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह स्पष्ट किया। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि भारत के स्वामित्व वाली कुछ फ्रेंचाइज़ियां राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर सकती हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में शामिल चार भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइज़ियां – मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, साउदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स – अगले महीने होने वाली नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर विचार नहीं कर रही हैं। द हंड्रेड के आगामी सीज़न के लिए कुल 67 पाकिस्तानी खिलाड़ियों (63 पुरुष और 4 महिला) ने अपना नाम चयन हेतु पंजीकृत कराया है।

ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ह्लइंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड तथा द हंड्रेड की सभी आठ फ्रेंचाइज़ियां इस बात की पुनः पुष्टि करती हैं कि यह प्रतियोगिता समावेशी, स्वागतयोग्य और सभी के लिए खुली रहेगी।

# ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज़ 2026: डार्विन और मैके में होंगे मुकाबले

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला होगी, जो वर्ष 2003 के बाद पहली बार बांग्लादेश टीम का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट दौरा होगा। इस बार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पारंपरिक टेस्ट केंद्रों से हटकर मुकाबलों के लिए नए स्थानों का चयन किया है। पहला टेस्ट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा मारारा स्टेडियम, डार्विन में आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट ग्रेट बैरियर रीफ एरिना, मैके में खेला जाएगा। डार्विन को वर्ष 2004 के बाद पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी का अवसर मिलेगा। इससे पहले 2003 में डार्विन में खेले गए पहले टेस्ट में बांग्लादेश भी शामिल था। वहीं मैके स्थित ग्रेट बैरियर रीफ एरिना पहली बार किसी पुरुष टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। अब तक इस मैदान पर पुरुष वर्ग के केवल तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं–1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जबकि पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मुकाबले आयोजित हुए थे। इसके अलावा यहां तीन महिला एकदिवसीय और दो महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ कई 'ए' श्रेणी के मुकाबले भी खेले जा चुके हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, ह्लहम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट लेकर आने को लेकर उत्साहित हैं और बांग्लादेश के खिलाफ शानदार श्रृंखला की उम्मीद कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर काफी व्यस्त है, ऐसे में अगस्त में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है, जिससे हमें गर्मियों के बाहर भी टेस्ट क्रिकेट के लिए एक अतिरिक्त अवसर मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल तीन टेस्ट श्रृंखलाएं खेली गई हैं।

दोनों टीमों के बीच खेले गए छह टेस्ट मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने पांच में जीत दर्ज की है। बांग्लादेश को एकमात्र जीत वर्ष 2017 में मीरपुर में मिली थी।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,500 के पार

एजेंसी



नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी का कायम है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 504.90 अंक यानी 0.61 फीसदी की उछाल के साथ 82,730.82 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 155.20 अंक यानी 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ 25,579.85 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।

शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, इंफोसिस और एनटीपीसी जैसे शेयरों ने इंडेक्स निफ्टी में बढ़त दर्ज की है। वहीं, आयशर मोटर्स, मारुति सुजुकी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोल इंडिया के शेयरों में गिरावट देखी गई। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले मंगलवार को सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 फीसदी टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 228.35 अंक यानी 1.12 फीसदी लुढक़्कर 25,424.65 अंक पर बंद हुआ था।

# यूपीएसआईएफएस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय प्रसाद आईएएस अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं गृह विभाग उत्तर प्रदेश थे। जिन्होंने दीप प्रज्जवलीत कर कार्यकम्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने मंचासीन मुख्य अतिथि संजय प्रसाद तथा विशिष्ठ अतिथि डॉ0 हरिओम आईएएस, पंधारी यादव आईएएस तथा आईआईएम के निदेशक डॉ एम0पी0 गुप्ता को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने संस्थान में छात्र छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य के विकास हेतु संस्थान में नव निर्मित जिम ''सिनर्जी'' तथा छात्र-छात्राओं के व्यवसायिक दक्षता को बढावा प्रदान करने के लिए इनोवेशन एन्ड इनक्यूवेशन सेन्टर ''दक्ष'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में फॉरेंसिक जाँच हेतु लैबों की व्यवस्था पहले अच्छी नहीं होने के कारण जटिल मामले में रिपोर्ट तैयार होने में काफी समय लग जाते थे, तब केवल लखनऊ और आगरा में ही दो प्रयोगशालाएं थीं, आज माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व और भारत सरकार के सहयोग से प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं और डीएनए परीक्षण सहित सभी आवश्यक विभाग एक ही परिसर में उपलब्ध हैं, जिससे सैंपल को कहीं और भेजने की आवश्यकता नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि हम न्याय व्यवस्था को डिजिटल और लगभग पेपरलेस बनाने की दिशा में अग्रसर हैं, जहाँ पुलिस स्टेशन, जेल, अस्पताल और फॉरेंसिक लैब आपस में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़े हैं और रिपोर्टिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में साइबर थाना और साइबर हेल्प डेस्क स्थापित कर एआई आधारित अपराधों-जैसे फिशिंग, डीपफ़ेक वीडियो, वॉयस क्लोनिंग और डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षित टीमें गठित की गई हैं। मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने यह भी कहा कि ल्लआज की चुनौती एआई बनाम एआई की है, और प्रदेश इस चुनौती का सामना आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और मजबूत कानूनी ढाँचे के साथ कर रहा है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामलों में सैकड़ों करोड़ रुपये की रिकवरी कर राज्य ने यह सिद्ध कर दिया है कि वैज्ञानिक जांच, डिजिटल एकीकरण और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से न्याय व्यवस्था में वास्तविक और संरचनात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर डॉ जीके गोस्वामी ने कहा कि मुख्य अतिथि की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में संस्थान की ढाई वर्ष की उपलब्धियाँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम विजन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा, ल्लयात्रा लंबी है, पर हमारा संकल्प है कि इस संस्थान को वैश्विक पहचान दिलाएँ। उन्होंने संस्थान में चल रहे कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि डॉ0 हरिओम आईएएस ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी और फॉरेंसिक जैसे क्षेत्रों में मजबूत वर्कफोर्स तैयार करने के लिए सरकारी संस्थान और उद्योग को साथ आना होगा। उन्होंने जोर दिया कि तकनीकी कौशल के साथ एथिक्स और उद्यमिता भी जरूरी हैं। अन्त में उन्होंने कहा कि सही स्किलिंग से उत्तर प्रदेश और भारत वैश्विक शक्ति बन सकते हैं।विशिष्ठ अतिथि पंधारी यादव आईएएस ने कहा कि 2020 के बाद शुरू हुए विभिन्न कोर्सों में अब 500 से अधिक एडमिशन हो चुके हैं और मेधावी छात्रों को अलग-अलग माध्यमों से अवसर मिल रहे हैं जिसके लिए जी. के. गोस्वामी और उनकी टीम को बधाई दी गई। उन्होंने जोर दिया कि ,आई का सही उपयोग कर हम सुरक्षा तंत्र एवं फॉरेंसिक और रिसर्च को मजबूत बनाकर देश की प्रगति को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डिजिटल सुरक्षाः प्रमुख बिंदु पैनल में आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एम. पी. गुप्ता, आईआईआईटी लखनऊ के निदेशक प्रो. अरुण मोहन शैरी तथा आरएमएलएनएलयू लखनऊ के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह ने एआई, साइबर सुरक्षा और कानूनी अनुपालन के समन्वय पर जोर दिया ब्रविटी डिजिटल इंक, यूएसए के संस्थापक एवं सीईओ पवन शर्मा ने एआई, साइबर सुरक्षा और विधिक अनुपालन जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे।

# कनकहा गांव में खेत में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मोहनलालगंज, लखनऊ। बुधवार दोपहर में मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कनकहा गांव में एक अधेड़ पुरुष का शव खेत में पानी भरे स्थान पर पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरीराम पुत्र हेमराज रावत के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार, हरीराम कल देर शाम अपनी पत्नी के साथ हुए विवाद के बाद नशे की हालत में घर से निकले थे। आज दोपहर उनके खेत में शव पड़ा होने की सूचना परिजनों ने 112 नंबर पर देकर पुलिस को दी। इसके पहले, दोपहर में परिवार ने कनकहा पुलिस को भी हरीराम के गायब होने की जानकारी दी थी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को सुरक्षित किया और पंचायतनामा भरते हुए परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।मोहनलालगंज के इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के शव के आसपास कोई असामान्य परिस्थिति नहीं पाई गई। परिवार ने भी किसी तरह की शंका नहीं जताई। उनका कहना है कि फिलहाल मृतक की मौत प्राकृतिक कारण या अप्राकृतिक घटना के बिना हुई प्रतीत होती है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही अंतिम निष्कर्ष लिया जाएगा।सूचना में यह भी सामने आया कि लगभग 8 माह पूर्व हरीराम के पुत्र चेतराम की भी मौत हुई थी, जिसे आत्महत्या बताया गया था। ग्रामीण और परिवार वाले इस घटना से शोक में हैं, और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



बंथरा, लखनऊ । कस्बे के एक निजी ढाबे के पास समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बुधवार को सपा कार्यकर्ताओंने जोरदार स्वागत किया। अखिलेश यादव दोपहर करीब एक बजे कानपुर रोड होते हुए अपने काफिले के साथ कानपुर जा रहे थे, तभी सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक कर पुष्पगुच्छ देने के साथ फूलमाला से उनका स्वागत किया।

इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ एसआईआर में लगे रहें और विशेष तौर पर युवाओं के वोट जरूर बनवाएं, क्योंकि युवा ही परिवर्तन लाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष फॉर्म -7 का दुरुपयोग कर पीडीए समाज का वोट कटवाने के लिए लगा हुआ है। इसलिए उनके कुचक्र को सफल नहीं होने देना है। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, राम औतार धीमान, प्रदेश सचिव संदीप यादव, सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, प्रदेश अध्यक्ष यादव सेना जगन्नाथ यादव, जिपंस जितेंद्र यादव गुड्डू व कैप्टन यादव, सुशील यादव, पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला, रामशरण यादव, शिवशंकर रावत, जिलाध्यक्ष मजदूर सभा ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मनोज पाल, जिलाध्यक्ष युवजन सभा शिवकुमार टाइगर, जिलाध्यक्ष व्यापार सभा संजय यादव, रामबाबू चौरसिया, जगमोहन यादव, विवेक यादव, पूर्व अध्यक्ष केकेवी मनीष यादव, सभासद गोविंद यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, जितेंद्र कश्यप, विनय चौरसिया, अजीत यादव, आशीष शुक्ला, अशोक कश्यप, विनय यादव, रामगोपाल लोधी, भोलू यादव (शुभम), बउवा पाण्डेय, गुड्डू यादव और सुनील कुरील सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोहनलालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की सक्रियता से पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया है, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार को शिकायतकर्ता ने थाने में सूचना दी कि उनकी नाबालिक किशोरी पुत्री बीते सत्रह फरवरी की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच घर से दुकान तक सामान लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों की खोजबीन के दौरान पता चला कि पहले से घात लगाए बैठे जीत बहादुर पुत्र नन्हू लोधी तथा उसके साथी दिलीप पुत्र जामवन्त लोधी ने किशोरी को जबरन वाहन में बैठाकर भगा लिया।इस सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान मंगलवार को ही पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया। पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी जीत बहादुर ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर बुधवार को नामजद आरोपी जीत बहादुर निवासी अहमदखेड़ा, मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।मोहनलालगंज पुलिस टीमइस मामले में पुलिस की तत्परता और प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

## अटारी के राजा कुं0 बलवीर सिंह के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख कु0 शैलेन्द्रवीर सिंह चौहान का निधन

**लखनऊ ।** क्षेत्र के मानें जाने सपा नेता कुं0 बलवीर सिंह चौहान के छोटे भाई का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। वह वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती थे और मंगलवार शाम को ही अपने लखनऊ आवास अलीगंज आये थे। उन्होंने बुधवार प्रातः लगभग साढ़े छह बजे अंतिम सांस ली। माल क्षेत्र में अपनी अलग छवि से पहचाने जाने वाले अटारी के राजा कुं0 बलवीर सिंह के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख कु0शैलेन्द्रवीर सिंह चौहान(68)वर्षीय(गुड्डा दादा)का आकस्मिक निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार थे। उनका उपचार वेदांता हॉस्पिटल में चल रहा था। जहां से वह मंगलवार शाम को ही अपने अलीगंज निवास पर आये थे। जहां बुधवार प्रातः तकलीफ बढ़ने से कुं0शैलेन्द्रवीर सिंह (गुड्डा दादा) ने साढ़े छह बजे अंतिम सांस ली। उनके परिवार में बड़े भाई कुं0 बलवीर सिंह पत्नी ममता सिंह व दो बेटे यश सिंह चौहान और जय सिंह चौहान हैं।

## सड़कों पर दौड़ेंगी अतिरिक्त बसें, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**लखनऊ।** रंगों के त्योहार होली पर घर लौटने और शहर में आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने 28 फरवरी 2026 से 9 मार्च 2026 तक विशेष परिवहन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। 2 मार्च 2026 को होली के मद्देनज़र यह कदम उठाया गया है। ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों को भीड़ और अव्यवस्था से जूझना न पड़े।प्रबंधन के निर्देश पर नगर सीमा के भीतर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर प्रमुख रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी और समय-सारिणी में लचीलापन रखा जाएगा। मुख्य पिकिंग प्वाइंट्स और व्यस्त चौराहों पर अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए चालकों, परिचालकों और संबंधित कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि बसों की उपलब्धता, टिकट व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर लगातार निगरानी रखें।प्रबंधन का स्पष्ट संदेश है यात्री सुविधा सर्वोपरि। लक्ष्य यह है कि त्योहार के दिनों में किसी भी रूट पर यात्रियों को इंतजार या असुविधा का सामना न करना पड़े।होली के रंगों के साथ इस बार सफर भी होगा आसान और सुरक्षित। शहरवासियों को उम्मीद है कि यह विशेष व्यवस्था त्योहार की खुशियों को दोगुना कर देगी।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**लखनऊ ।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव घोड़सारा में बुधवार के दिन अनुराग वर्मा के दरवाजे पर न्यूट्रिशन क्लब के वेलनेस कोच के डाक्टर सौरभ सिंह की ओर से स्वस्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें उनके सहयोगी हेल्थ केयर शिव कुमार व राम कुमार का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई । उनके द्वारा सुगर ब्लड प्रेशर मोटापा जोड़ दर्द व थायराइड कोलेस्ट्रॉल पेट संबंधित बीमारियों से छुटकारा पाने की भी विस्तार से जानकारी दी गई । इसी के साथ सभी को सेहत के प्रति ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया । आयुष पटेल (रिशु) जिला अध्यक्ष छात्र मंच अपना दल (एस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व अभिषेक वर्मा, वेद प्रकाश द्विवेदी अनुराग वर्मा, शिव दर्शन वर्मा शत्रोहन लाल समेत कई दर्जन ग्रामवासी मौजूद रहे रहे ।

## शिव कुमार रावत बने मंडल अध्यक्ष

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के अध्यक्ष ने लिस्ट जारी कर गोसाईगंज मण्डल अध्यक्ष की घोषणा की।भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने एक लिस्ट जारी कर गोसाईगंज मण्डल के अध्यक्ष पद पर शिव कुमार रावत के नाम की घोषणा की।गोसाईगंज मण्डल के सीताराम पुरवा मजरा बक्कास के रहने वाले शिव कुमार रावत पार्टी में लम्बे समय से जुड़े रहने के साथ ही माढ़रमऊ के शक्ति केंद्र संयोजक किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा से सरोजनीनगर विधानसभा प्रभारी व अर्जुनगंज ,सरोजनीनगर खुशहलगंज अमेठी मण्डल के प्रभारी व प्रवासी सहित अन्य कई पदों पर कार्य करते रहे हैं।इनके पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा इन्हें गोसाईगंज मण्डल का अध्यक्ष बनाया है।इनके मण्डल अध्यक्ष बनने पर भाजपा लखनऊ के अध्यक्ष विजय मौर्य मोहनलालगंज के विधायक अमरेष रावत गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिम्पल सहित अन्य लोगों बधाई दी।

# राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने बुधवार को एक सघन एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

जोन-7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में बुधवार को जोन-7 क्षेत्रांतर्गत नालियों, नालों एवं सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुंशीपुलिया चौराहे से मेडिकल तक तथा हाल विधायक वाली मोड़ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक लोहे का काउंटर, दो मेज, एक कूलर, एक पानी की पेटी और एक छाता जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त चार काउंटर, तीन ठेले, दो ठेलियां और एक गुमटी को मौके से हटाया गया। पूरी कार्रवाई अधीक्षक विनय मौर्या, ईटीएफ टीम एवं 296 टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# इटौजा में तीन स्थानों पर चोरी, थाने के सामने मोबाइल शॉप से लाखों का माल पार

❐ एक ही रात में तीन स्थानों पर वारदात, सीसीटीवी में कैद हुए तीन संदिग्ध।

जागरण मोर्चा कार्यालय



बख्शी का तालाब,लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र में बुधवार रात चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सबसे चौंकाने वाली घटना थाना गेट के ठीक सामने स्थित मोबाइल दुकान में हुई, जहां से चोर लाखों रुपये का सामान और नगदी उड़ा ले गए।

लगातार बढ़ रही वारदातों से क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।भगौतापुर निवासी सुरेंद्र प्रकाश त्रिवेदी की 'श्री बालाजी मोबाइल शॉप' में देर रात चोरों ने लोहे की रॉड से शटर तोड़कर प्रवेश किया। दुकान में रखे लॉकर से करीब 35 हजार रुपये नगद और छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें तीन अज्ञात युवक दुकान में कई बार आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि थाना परिसर के सामने वारदात होने के बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इसी रात नगर चौंगवा गांव में श्रीओम मिश्रा के समरसेबल पंप का सोलर पैनल भी चोरी हो गया। वहीं अर्जुनपुर चौराहे पर स्थित मौर्य बीज भंडार से हजारों रुपये का सामान पार कर दिया गया। तीनों घटनाओं ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कुछ माह पूर्व मोबाइल शॉप के सामने स्थित 'मां दुर्गा ज्वेलर्स' में भी लाखों की चोरी हुई थी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई। होली पर्व नजदीक होने के कारण बाजार में भीड़ बढ़ रही है, बावजूद इसके रात्रि गश्त कम होने की शिकायत सामने आ रही है।पीड़ितों ने थाने में तहरीर दे दी है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# एलएएसआई अध्ययन के तहत 53 रिसर्चरों का प्रशिक्षण, 30 जिलों में होगा सर्वे

❐ इसी क्रम में लखनऊ जनपद के बख्शी का तालाब क्षेत्र में विभिन्न जिलों से आए 53 युवक एवं युवतियों को शोधकर्ता के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ । स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से देशभर में संचालित लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी इन इंडिया (एलएएसआई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में व्यापक सर्वेक्षण की तैयारी की जा रही है।

इसी क्रम में लखनऊ जनपद के बख्शी का तालाब क्षेत्र में विभिन्न जिलों से आए 53 युवक एवं युवतियों को शोधकर्ता के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फील्ड प्रोजेक्ट अधिकारी अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) की प्रतिनिधि लक्ष्मी पटेल ने बताया कि यह अध्ययन भारत सरकार द्वारा समर्थित है। प्रदेश में सर्वे कार्य का संचालन मार्केट एक्सेल डाटा मैट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कराया जा रहा है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य देश में बढ़ती आयु के साथ होने वाले सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी परिवर्तनों की सटीक जानकारी एकत्र करना है, ताकि भविष्य की नीतियों एवं योजनाओं को जनआवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 फरवरी से प्रारंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान शोधकर्ताओं को सर्वे की प्रक्रिया, प्रश्नावली के उपयोग, डिजिटल माध्यम से आंकड़ा संकलन तथा व्यवहारिक संवाद कौशल का विशेष अभ्यास कराया जा रहा है।अध्ययन के अंतर्गत लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखीमपुर सहित प्रदेश के कुल 30 जनपदों में सर्वेक्षण किया जाएगा। गुरुवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रही टीम फील्ड अभ्यास के लिए बीकेटी क्षेत्र के टिकारी एवं भौली गांवों में घर-घर जाकर सर्वे का अभ्यास करेगी।इस अध्ययन से प्राप्त आंकड़े केंद्र सरकार को वरिष्ठ नागरिकों एवं बढ़ती आयु वर्ग की आवश्यकताओं को समझने में सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा आर्थिक सहयोग कार्यक्रमों की प्रभावी रूपरेखा तैयार करने में यह अध्ययन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एलएएसआई भारत की 45 वर्ष तथा उससे ऊपर की उम्र वाले वयस्कों और उनके जीवन से जुड़े सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य पहलुओं पर आधारित एक राष्ट्रीय रूप से प्रतिनिधि सर्वे है। इसके पहले चरण (वेव-1) में अप्रैल 2017 से दिसंबर 2018 तक 73,396 प्रतिभागियों से डेटा एकत्र किया गया, जिसमें लगभग 31,000 बुज़ुर्ग 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के शामिल थे। यह सर्वे अगले 25 वर्षों तक हर 2-3 साल में दोबारा किया जाएगा ताकि वृद्धावस्था से जुड़ी जीवन-भर की वास्तविक प्रगति को समझा जा सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि एलएएसआई जैसे व्यापक और राष्ट्रीय स्तर के डेटा से सरकार को बुज़ुर्गों के लिए स्वास्थ्य योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और आर्थिक सहायता योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता मिलेगी। डेटा का उपयोग नीति-निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं के विस्तार के लिए किया जाएगा।

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री की अध्यक्षता में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ । उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

बैठक में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास विभाग की बैठक में प्रमुख सचिव श्री पी गुरु प्रसाद,सचिव/निदेशक अनुज झा, विशेष सचिव श्री प्रवीण लक्षकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा में अपर मुख्य सचिव श्री नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल श्री पंकज कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की।बैठक के दौरान 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में दोनों विभागों की भूमिका और संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें शहरी आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, ऊर्ज़ा दक्षता बढ़ाने तथा निवेश को आकर्षित करने की ठोस रणनीतियों पर विशेष बल दिया गया।अपने संबोधन में मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने कहा कि नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग प्रदेश की आर्थिक प्रगति के दो सशक्त स्तंभ हैं।

# उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने दी निवेश, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

एजेंसी



देहरादून। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षा, जल प्रबंधन, न्यायिक व्यवस्था, निवेश प्रोत्साहन, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। विधानसभा सत्र की तिथि तय होने से मंत्रिमंडल की बीफ्रिंग नही हुई। जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड अवसंरचना एवं निवेश विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) के बढ़ते कार्यों को देखते हुए 14 नए पद सृजित करने की स्वीकृति दी। बोर्ड वर्तमान में हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवर फ्रंट, डाकपत्थर मास्टर प्लान और श्रीनगर के बेलकंडी-बेलकेदार क्षेत्र के विकास जैसी परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संचालित 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना' का विस्तार करते हुए 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों को भी इसमें शामिल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के नाम पर 'स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड ई-पुस्तकालय योजना' को मंजूरी दी गई, जिसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में ई-बुक्स, जर्नल्स और डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली में संशोधन,11 नगर निगमों में पर्यावरण अभियंताओं के पद सृजन और 'सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना-2026' को भी स्वीकृति दी गई। उच्च घनत्व सेब नर्सरी स्थापित करने पर 50 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। राज्य में मौन पालन नीति-2026' लागू करने का निर्णय भी लिया गया है,जिसके माध्यम से एपिस मेलिफ़ेरा और एपिस सेराना आधारित मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। मंत्रिमंडल ने भारत का सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में चार विशेष शिक्षकों को नियमित नियुक्ति देने का निर्णय लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल और महिला पोषण योजनाओं में अतिरिक्त खाद्य सामग्रियां शामिल करने को भी मंजूरी दी गई। राज्य में जीएसटी अपीलीय अधिकरण की राज्य पीठ देहरादून में यथावत रखते हुए हल्द्वानी में अतिरिक्त पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (संशोधन) विधेयक-2026 को भी मंजूरी दी गई।

# विरोध-प्रदर्शन मामले में अलका लांबा की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस

एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2024 में निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर को होगी। याचिका में अलका लांबा की ओर से कहा गया है कि इस मामले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अति आपराधिक बनाकर पेश किया गया है। अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अपराध बताया जाएगा तो न्याय नहीं मिल सकेगा। राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट ने 6 फरवरी को अलका लांबा के खिलाफ मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट ने 19 दिसंबर 2025 को अलका लांबा के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। फिलहाल मजिस्ट्रेट कोर्ट में इस मामले पर अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा था कि अलका लांबा को वीडियो में देखा गया कि वो बलपूर्वक लोकसेवक को उसके काम में बाधा पहुंचा रही थीं। वे बैरिकेड पार कर प्रदर्शनकारियों को उकसा रही थीं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अलका लांबा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 221 और 223ए के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। मामला 29 जुलाई 2024 को जंतर-मंतर पर महिला कांग्रेस का महिला आरक्षण को लेकर प्रदर्शन था। उस प्रदर्शन में मुख्य वक्ता अलका लांबा थीं। दिल्ली पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश जारी किया था। अलका लांबा पर आरोप है कि उन्होंने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए करीब डेढ़ बजे दूसरे प्रदर्शनकारियों के साथ टालस्टाय मार्ग पर लगे बैरिकेड पर पहुंचीं और नारेबाजी करने लगीं। वे संसद का घेराव करने पर आमदा थे।

# उत्तरकाशी में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का प्रथम सम्मेलन संपन्न

एजेंसी



उत्तरकाशी। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने उत्तरकशी में प्रथम मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति की प्रांत सह-संयोजिका प्रीति शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया है। संयोजिका प्रीति ने कहा कि वर्तमान समय में मातृशक्ति को पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाज सुधार एवं राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। समाज में बढ़ती कुरीतियों, नशे की प्रवृत्ति तथा सांस्कृतिक चुनौतियों के बीच माताओं को जागरूक रहकर अपने परिवार और समाज को संस्कारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण की शुरुआत घर से होती है और इसमें माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए ल्लपंच परिवर्तनङ्क के भाव को आत्मसात करने पर बल दिया। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना एवं नागरिक कर्तव्य के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर संगठित प्रयास की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति इन सभी आयामों में मार्गदर्शक भूमिका निभा सकती है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला ने उन्होंने दुर्गा वाहिनी के माध्यम से बहनों को आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार से जोड़ने पर बल दिया। साथ ही नशामुक्ति, नारी जागरण, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक चेतना के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में आगामी दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से बहनों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास किया जाता है। आत्मरक्षा, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ समाज में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु तैयार किया जाता है। इस मौके पर जया जमनाल, राखी, किरण पंवार, उषा जोशी, सरिता, प्रीति रावत अर्चना रतूडी, ममता मिश्रा, सोनम अनिता, विजेंद्र, भवानी, जीता देवी, रितु राणा, कुमारी बबिता, सविता कोठियाल, ममता, अनीता, बबिता, जिला मंत्री कीर्ति सिंह महर, मान सिंह गुसाईं मौजूद रहे है। मंच का संचालन सरिता पडियार ने किया है।

# पौड़ी जिले के 51 स्कूलों में 27.46 लाख से सुधरेंगी स्वच्छता सुविधाएं

एजेंसी



देहरादून। विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार की पहल जनपद पौड़ी गढ़वाल में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। बालिका सह-शैक्षणिक विद्यालयों में शौचालयों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देते हुए जनपद के विभिन्न विकासखंडों के 51 विद्यालयों में सुधार कार्य प्रारम्भ किए जाएंगे। इसके लिए कुल 27 लाख 46 हजार की राशि स्वीकृत की गयी है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया कि कई विद्यालयों में शौचालय निर्मित तो हैं, किंतु आवश्यक मरम्मत के अभाव में वर्तमान में क्रियाशील नहीं रह गए हैं। छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण सुधारात्मक कदम उठाया गया है। इसके अंतर्गत जनपद के 11 विकासखंडों पौड़ी, कोट, खिर्सू, पोखड़ा, द्वारीखाल, कल्जीखाल, यमकेश्वर, थलीसैण, बीरोंखाल, पाबौ तथा एकेश्वर के कुल 51 राजकीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में स्वच्छता की आधारभूत सुविधाओं को पुनर्जीवित कर विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड पौड़ी के अंतर्गत 10 विद्यालयों हेतु पांच लाख तीस हजार रुपये, कोट के 03 विद्यालयों के लिए लाख रुपये, खिर्सू के 01 विद्यालय हेतु चालीस हजार रुपये, पोखड़ा के 03 विद्यालयों हेतु एक लाख अस्सी हजार रुपये, द्वारीखाल के 11 विद्यालयों हेतु पाँच लाख छिहत्तर

# एफटीए से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यातकों के लिए खुलेंगे नये बाजार : कुमारस्वामी

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) से देश के इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए नये बाजार खुलेंगे और भारत इस क्षेत्र में विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सिर्फ एक जलवायु पहल नहीं है, बल्कि यह एक औद्योगिक रणनीति है, जिसमें मजबूत उत्पादन का मौका और आपूर्ति-श्रृंखला रीकैलिब्रेशन है। नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रिक वाहनों पर उद्योग संगठन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए

एचडी कुमारस्वामी ने उद्योग से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और इसके मूल्य श्रृंखला निर्यात का फायदा उठाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन में खुद को ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित कर सकता है। मंत्री ने आगे कहा कि यह आज की चुनौतियों को हल करते हुए भविष्य की इंडस्ट्रीज़ बनाने के बारे में है। भारी उद्योग और स्टील मंत्री ने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बदलाव प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन और 2070 तक नेट जीरो हासिल करने के प्रतिबद्धता के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि साफ नीतियां, दिशा और मजबूत उद्योग भागीदारी के साथ भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी उत्पादन और नवाचार के लिए एक अग्रणी वैश्विक केंद्र के तौर पर खुद को मजबूती से स्थापित कर सकता है।







